हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 33.6 डिग्री

न्यूनतम 25.7 डिग्री


13 गुढ़ियारी में लंबा जाम गाड़ियों की लगी कतार





14 विधायक मूणत ने जनचौपाल में जनता को दिलाया...




# रुका नहीं नकली होलोग्राम का खेल, तीन माह में दूसरा केस, शोले का स्टीकर भी नकली

*तीन माह पूर्व एक प्रिंटिंग प्रेस तथा ढाबा से 40 हजार नकली होलोग्राम शराब के ढक्कन किए थे जब्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश में नकली होलोग्राम लगाकर शराब बिक्री करने वाले माफिया आबकारी अफसरों की आंखों में धूल झोंककर दूसरे राज्यों की शराब के साथ मिलावटी शराब बिक्री कर रहे हैं। राजधानी में तीन माह के भीतर नकली होलोग्राम का दूसरा मामला सामने आया है। आबकारी विभाग की टीम ने एक व्यक्ति के कब्जे से नकली होलोग्राम तथा नकली शोले का स्टीकर लगी शीशियों में 25 लीटर शराब जब्त की है। आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को अभनपुर थाना क्षेत्र के चंडी गांव में मनीराम टंडन के कब्जे से तीन पेटी देशी शराब जब्त की है। आबकारी विभाग ने मनीराम की कार को रोककर जांच की, तो कार की डिक्की में शराब मिली। आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर जब्त शराब की जांच की, तो शराब में लगा होलोग्राम तथा शराब का ब्रांड नाम शोले नकली होना पाया गया।

## शराब माफिया अफसरों की आंखों में धूल झोंककर बेच रहे मिलावटी शराब



### शराब दुकान से मिलावटी शराब का खेल

शराब से काली कमाई करने वाले रैकेट की धमक शराब दुकानों तक है। पिछले महीने टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारकर तीन सौ पेटी बगैर होलोग्राम लगी शराब जब्त की थी। जब्त शराब की जांच करने पर पता चला कि शराब दुकान का सुपरवाइजर अपने अन्य कर्मचारी साथियों के साथ मिलकर बोतलों से ▶▶| शेष पेज 14 पर

### मानक स्टैंडर्ड में नहीं थी शराब

आबकारी विभाग की टीम ने जो नान ड्यूटी पैड शराब जब्त की है, वह शराब मानक स्टैंडर्ड में नहीं थी। शराब में पानी मिलाकर शीशी में पैक किया गया था। शराब कहां से लाकर खपाई जा रही थी, इस संबंध में आरोपी ने आबकारी विभाग की टीम को अब तक कुछ भी नहीं बताया है। प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है कि आखिर तस्कर के पास नान ड्यूटी पैड शराब कहां मिली, जिसे वह नकली होलोग्राम तथा नकली स्टीकर लगाकर खपाने की कोशिश कर रहा था।

### नकली शराब खपाने रैकेट सक्रिय

आबकारी विभाग की टीम ने अभनपुर में जो नकली होलोग्राम, नकली स्टीकर लगी शराब जब्त की है, उसमें लगा होलोग्राम पूर्व में पकड़े गए होलोग्राम रैकेट से अलग है। इस बात की पुष्टि आबकारी विभाग के अफसरों ने की है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है, शराब तस्करी गिरोह से जुड़े कई रैकेट राजधानी सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में नकली होलोग्राम लगी नकली तथा अमानक स्तर की शराब खपाने का काम कर रहे हैं।

### पूर्व में भी पकड़ा जा चुका है नकली होलोग्राम

तीन माह पूर्व 20 अप्रैल को आबकारी विभाग की टीम ने टाटीबंध, तेंदुआ मार्ग में संचालित बीएच ढाबा में छापे की कार्रवाई थी। छापे में एक थैले से 105 पीस ढक्कन मिले। इसमें वेलकम डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर, छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड के 165 स्पंज वायसर, 1460 नकली होलोग्राम, 1150 देसी शराब की बोतलें मिलीं। ढाबा संचालक की निशानदेही पर आबकारी विभाग तथा पुलिस की टीम ने बिरगांव स्थित गणेश चौरसिया के प्रिंटिंग प्रेस में रेड मारी। तलाशी लेने पर देसी शराब में उपयोग होने वाले नकली होलोग्राम की 371 शीट मिली। इस शीट में 40 हजार से ज्यादा नकली होलोग्राम थे। इसी तरह चार माह पूर्व 29 मार्च को कंटेनर में 27 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित शराब जब्त करने के साथ नकली होलोग्राम जब्त किया था।

## बारिश थमते ही दो दिन में चार डिग्री चढ़ा राजधानी का पारा बारिश की संभावना अभी कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश की गतिविधि में कमी आने के बाद दो दिन के भीतर राजधानी का अधिकतम पारा चार डिग्री चढ़कर 33.6 तक पहुंच गया है। अभी कुछ दिनों तक वर्षा की संभावना कम होने से उमस वाली गर्मी का अहसास होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में वर्षा की गतिविधि केवल उत्तरी हिस्से में बना रहा।

- जोरदार बारिश के बाद कुछ दिन उमस वाली गर्मी

प्रदेश में मौसम का कारण बनने वाला सिस्टम अब आगे बढ़ गया है। यहां अब वर्षा के लिए मानसून द्रोणिका की सामान्य स्थिति और अरब सागर से आने वाली नमी है। प्रबल सिस्टम नहीं होने की ▶▶| शेष पेज 14 पर

## आंगनबाड़ी केंद्रों में घटिया सामान की आपूर्ति, छह सप्लाई एजेंसियां ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए भेजी गई घटिया सामान की सप्लाई करने वाली एजेंसियों को ब्लैक लिस्टेड किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने राज्य स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था। समिति ने सभी जिलों में सामग्री की गुणवत्ता का भौतिक परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट संचालनालय को सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर दोषी प्रदायकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए छह सप्लायरों का ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने स्पष्ट ▶▶| शेष पेज 14 पर

- राज्य स्तरीय जांच समिति ने सौंपी जांच रिपोर्ट, गुणवत्ताहीन सामान बदलवाए गए

### टेबल, तवा, कढ़ाई स्टील ट्रे घटिया

समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि कुछ टेबल स्थानों पर असेंबल नहीं हुए थे, जिन्हें बाद में सही कराया गया। अनाज कोठी भारतीय मानक के अनुरूप नहीं मिलने पर मेसर्स नमो इंटरप्राइजेस और आयुष मेटल से सामग्री बदली गई और दोनों को जेम से प्रतिबंधित किया गया। स्टील ट्रे की साइज और वजन में भिन्नता पर मेसर्स अर्बन सप्लायर्स, मनीधारी सेल्स व ओरिएंटल सेल्स से रिप्लेसमेंट कराया गया। तवा की गुणवत्ता कम मिलने पर मेसर्स सोनचिरैया कॉर्पोरेशन को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। कढाई हल्की वजन भिन्नता को छोड़कर अधिकांश मापदंडों पर ठीक पाई गई।

### इन कंपनियों को किया ब्लैक लिस्टेड

मेसर्स नमो इंटरप्राईजेस, मेसर्स आयुष मेटल, मेसर्स अर्बन सप्लायर्स, मेसर्स मनीधारी सेल्स, मेसर्स ओरिएंटल सेल्स, मेसर्स और सोनचिरिया कॉर्पोरेशन एजेंसियों को जेम पोर्टल से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है, भविष्य में ये एजेंसिया किसी भी प्रकार की सामग्रियों की शासकीय सप्लाई भी नहीं कर पाएगी। विभाग द्वारा इन सभी से घटिया सामग्रियों को वापस मंगाकर मानकों के अनुरूप सामग्री की आपूर्ति कराई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी खराब सामग्री के लिए ऐजेंसियों को कोई भुगतान नहीं किया गया है। सभी दोषपूर्ण सामग्रियों को वापस लेकर मानक सामग्री दी जा चुकी है।

## कनेक्शन प्रीपैड होने पर डेढ़ फीसदी सस्ती मिलेगी बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 20 लाख से ज्यादा मीटर लग चुके हैं। आने वाले समय में जिन कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनको प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया, तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शनों को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा। इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। प्रदेश सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन ▶▶| शेष पेज 14 पर

- बिजली नियामक आयोग से मिली मंजूरी

### पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद

स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड ▶▶| शेष पेज 14 पर

### डेढ़ फीसदी कम लगेगा ऊर्जा प्रभार

आने वाले समय में बिजली के कनेक्शन प्रीपैड होंगे तो ऐसे में उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार डेढ़ फीसदी कम लगेगा। इसकी मंजूरी भी आयोग ने दी है।

**- हेमंत वर्मा,** अध्यक्ष बिजली नियामक आयोग

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का ▶▶| शेष पेज 14 पर


सिर्फ 1 दिन

RK GROUP BIG SALE in HOTEL BABYLON CAPITAL UPTO 90% OFF

13 जुलाई 2025 रविवार

ब्रांडेड गारमेंट्स, फुटवियर एवं होमडेकोर

उच्च मुद्रास्फीति की वजह से कंपनी के गोदाम में स्टॉक ओवरफ्लो हो गया है, इसलिए हम आपको इतना बड़ा डिस्काउंट दे रहे हैं।

हम अपना पूरा स्टॉक क्लियर कर रहे हैं होटल बेबीलोन केपिटल में ब्रांडेड गारमेंट्स, फुटवियर और होम डेकोर का पूरा स्टॉक 90% तक की छूट पर होगा।

स्टॉक क्लियरेंस सेल - केवल 1 दिन के लिए

होटल बेबीलोन केपिटल में 2 से 3 करोड़ का माल 50 लाख के अंदर कैश एंड कैरी कर बेचा जाएगा।

8000/-, 10000/- और 15000/- तक के नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड के कपड़े केवल 800/-, 1200/- और 1500/- में उपलब्ध होंगे।

मेन्स वियर

जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर शॉर्ट्स, कुर्ता, पायजामा, शेरवानी, कोटी, ब्लेजर } ₹2,000 से ₹ 20,000 रुपये तक की कीमत के ₹ 250 से ₹ 750 रुपये में उपलब्ध और ₹ 1,200 से ₹ 3,000 रुपये में उपलब्ध

लेडिज़ एवं गर्ल्स वियर

टॉप, कुर्ती, प्लाजो, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, शॉर्ट्स और लेगिंग्स, वन पीस, पार्टी वियर सूट } ₹1,000 से ₹ 7,000 रुपये तक की कीमत के ₹ 100 से ₹ 299 रुपये में उपलब्ध और ₹ 400 से ₹ 850 रुपये में उपलब्ध

किड्स वियर

जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, फ्रॉक, शॉर्ट्स और बहुत कुछ... } ₹1,000 से ₹ 5,000 रुपये तक की कीमत के ₹ 299 से ₹ 499 रुपये में उपलब्ध

ब्रांडेड फुटवेयर

जेंट्स, लेडीज, किड्स - स्पोर्ट्स शू, लेदर शू, ट्रेकिंग शूज, सैंडल, स्लीपर, बेली } ₹1,000 से ₹ 5,000 रुपये तक की कीमत के ₹ 350 से ₹ 1999 रुपये में उपलब्ध

होम डेकोर एवं स्पेशल काउंटर

लेडीज पर्स, लेडीज डिजाइनर बैग, तौलिया, पर्दे, कम्फ़र्टर, चादर, बटुआ, बेल्ट, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, डोरमैट, चश्मा, इत्र और बहुत कुछ... } ₹1,000 से ₹ 7,500 रुपये तक की कीमत के ₹250 रुपये में उपलब्ध

मानसून कॉम्बो गर्ल्स टॉप, जींस, स्कर्ट, टी-शर्ट, कीमत ₹ 3000 रूपये तक की कीमत वाले 1 खरीदें ₹ 299 रूपये में और 5 खरीदें ₹ 1,000 रूपये में

स्थान - होटल बेबीलोन केपिटल

वी.आई.पी. चौक, ओसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, रायपुर

RK GROUP Branded Store

कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं | समय- सुबह 10 से रात 10 बजे तक

हमारे एक्जीबिशन एवं नये स्टॉक की जानकारी हेतु हमारे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करें:

"Terms & Condition Apply ALL MAJOR DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTED

नोट : 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी प्रोडक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं कर सकते। 2. रायपुर की जनता से निवेदन है कि इस बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें। 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काउन्टर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काउन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाए रखें।

**खबर संक्षेप**



### सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

**आरंग।** वार्ड क्र. 2 नहर पार में बहुप्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरंग नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, वार्ड पार्षद उमाकांत यादव, दिनेश चंद्राकर, यशपाल लोधी, आशा वैष्णव, टिक्कू लोधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया कि लंबे समय से इस सड़क की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा की जा रही थी। अब सरकार की योजनाओं के तहत यह सीसी रोड बनाया जा रहा जिससे क्षेत्रवासियों को गड्ढों और कीचड़ से निजात मिलेगी।

### सफाई मित्र सम्मान समारोह आज

**तिल्दा-नेवरा।** नगर के सफाई मित्र का आज किया जाएगा सम्मान, सभापति रानी सौरभ जैन के द्वारा भव्य आयोजन। रविवार को दोपहर 12 बजे बीएनबी हाई स्कूल नेवरा के परिसर में तिल्दा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में नगर के सफाई मित्रो का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक रानी सौरभ जैन नगर पालिका सभापति स्वास्थ्य चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया है।

पीसीसी अध्यक्ष बैज और पूर्व सीएम बघेल भी मौजूद रहेंगे

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आज सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक चलेगा। सत्र से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही खेमों ने सत्र को लेकर रणनीति बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में 13 जुलाई को कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक होंगी, जिनमें विधानसभा सत्र की रूपरेखा पर गंभीर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक 13 जुलाई को शाम 4 बजे राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में सरकार को सत्र के दौरान घेरने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी।

विधायक दल की बैठक में राज्य सरकार से जुड़ मुद्दों पर चर्चा कर उसे उठाया जाएगा। संगठन द्वारा विधायकों को निर्देश दिया गया है कि सभी विधायक सक्रियता से सरकार की नाकामी को सदन में उजागर करें।



**भाजपा सरकार के डेढ़ साल में हुई गड़बड़ियों पर फोकस**

विधानसभा में विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों के भी तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं। चूंकि राज्य सरकार को करीब डेढ़ साल हो गए हैं, इसलिए माना जा रहा है कि इस बार भाजपा सरकार में हुई गड़बड़ियों के सवाल को प्रमुखता से उठाया जाएगा। किसानों को खाद बीज की समस्या, कानून व्यवस्था, युक्तियुक्त करण, कानून व्यवस्था, पेड़ की कटाई, अवैध रेत और अवैध शराब सहित अन्य मुद्दों को लेकर सवाल लगे हैं। इसके साथ भारत माला परियोजना में हुए भ्रष्टाचार पर इस बार भी सदन गरमा सकता है। ऐसे में सदन के अंदर गहमागहमी देखने को मिलेगी।

**हर दिन स्थगन लाएंगे**

बताया जाता है कि विधानसभा के मानसून-सत्र कांग्रेस बिजली के दाम, शराब घोटाला, डीएपी खाद, कानून व्यवस्था, राजस्व रिकार्ड में हेरफेर जैसे मुद्दों पर स्थगन ला सकती है। विधायक दल की बैठक में यह तय किया जाएगा कि इन मुद्दों को किन क्रम में रखा जाए। कोशिश यह होगी की वरिष्ठ नेता अपनी ओर से प्रश्न काल के बाद मुद्दों को उठाएंगे।

### 10 साल से अधिक लंबित 25 हजार तक की वैट देनदारियां खत्म होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ में इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे। एक अन्य संशोधन प्रस्ताव अनुसार, ऐसे पेनाल्टी की राशि जिनमें टैक्स की डिमांड सम्मिलित नहीं होती है, उन प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व डिपॉजिट 20 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। यह निर्णय व्यापार जगत को सहूलियत देने वाला साबित होगा।

## पीएम आवास योजना के नक्शे से 131 हितग्राही हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा मे विधायक इन्द्र कुमार साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास 2.0 शहरी के 131 एवं हितग्राहियों को नक्शा वितरण किया गया। आने वाले समय में 161 हितग्राहियों को और नक्शा वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की एक हितैषी योजना है। यह सबका साथ, सबका विकास की भावना को साकार करती है,जब हर व्यक्ति के पास अपना पक्का घर होगा तभी देश वास्तव में आत्मनिर्भर और विकसित कहलाएगा, प्रधानमंत्री आवास योजना में गोबरा नवापारा के लिये यह एक महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य है कि शहरी एवं ग्रामीण के हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और पक्का घर उपलब्ध कराये जाने की यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आय वर्ग के लिए बनाई गई है। सबके लिए आवास का सपना साकार करना। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर या कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराना। महिलाओं को घर की मालिकाना हक देने पर विशेष जोर,पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ निर्माण तकनीकों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल एक सरकारी स्कीम है, बल्कि यह एक सपनों को साकार करने का माध्यम है। यह उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जिनके पास खुद का घर नहीं है। इसे पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ लागू किये जाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है जिससे यह भारत को आवासीय समृद्धि की ओर ले जा रहा है।

## भरभरा कर गिरा पुरानी भवन बड़ा हादसा टला

**आरंग।** प्राचीन नगरी के नाम से सुविख्यात नगर आरंग में आज भी जगह जगह खंडहर नुमा अनेक भवनें है। जो कभी भी भरभरा गिर सकता है। कई ऐसी भवनें है जो कभी भी गिर सकता है। जिससे लोगों को जान माल की हानी हो सकती है। सूत्रों से पता चला है कि कई मकान मालिक आरंग से बाहर रहते हैं। तो कुछ लोग मोहल्ले छोड़कर नगर के अन्य मोहल्ले में घर बना लिये हैं। जिसके चलते कई पुरानी भवनें जर्जर हालत में खड़ी है। वहीं कुछ पुरानी भवनों में पारिवारिक विवाद चल रहा है। इन सबके चलते लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार को महामाया मंदिर के समीप एक पुरानी भवन भरभरा कर गिर गया। जिससे



पास खड़ी एक कार को काफी क्षति पहुंची है। अच्छी बात यह रही कि आसपास कोई नहीं था। अन्यथा कोई अनहोनी घटना जरूर घट सकता था। वहीं इन खंडहर नुमा भवनों को लेकर नगर पालिका प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से खंडहरनुमा भवनों को डिस्मेंटल करने की अपेक्षा कर किए हैं। जिससे भविष्य में किसी को जान माल की हानी न हो।

## अभनपुर में युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**अभनपुर।** अभनपुर धमतरी मार्ग पर शनिवार एक युवक का शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान अभनपुर बस्ती निवासी मुकेश टंडन के रूप मे हुई है जो नगर पालिका परिषद अभनपुर मे कचरा गाड़ी का चालक था। ग्रामीणो द्वारा सड़क किनारे शव देखे जाने की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस व नवा रायपुर के एएसपी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच मे युवक के शरीर से दुर्गंध और कीड़े निकलते पाये गये। जिससे अनुमान लगाया जा रहा ह कि मौत दो से तीन दिन पहले हुई होगी बताया गया कि मुकेश बुधवार को घर से निकला था और तब से वापस नही लौटा था, मृतक के पास से शराब की बोतल, डिस्पोजल बरामद हुई है। हालांकि पुलिस किसी भी संभावना को खारिज नही कर रही है। मौके पर संघर्ष के कोई निशान या हथियार नही मिले है फिर भी हत्या और हादसे दोनो पहलुओ से मामले की जांच की जा रही है। इलाके मे लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय लोगो से पूछताछ जारी है पुलिस का कहना है कि मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## गोंदिया-मधुपुर श्रावणी स्पेशल ट्रेन का तिल्दा में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

श्रावण मास में बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा शुरू की गई गोंदिया से मधुपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का आज तिल्दा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यह स्पेशल ट्रेन आज, शुक्रवार को शाम लगभग 5:00 बजे तिल्दा पहुँची, जहाँ रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों, सांसद प्रतिनिधि और भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से इसका स्वागत किया। ट्रेन जैसे ही स्टेशन पर रुकी, इंजन में बैठे ट्रेन चालक अनिल सहारे और सहायक चालक नूतन तावड़े का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें भगवान की मूर्ति भेंट की गई, माला पहनाई गई और स्वल्पाहार भी कराया गया। यह आत्मीय स्वागत देखकर दोनों चालक-परिचालक बेहद प्रसन्न हुए। यह ट्रेन आज पहली बार शुरू हुई है, और तिल्दा रेलवे स्टेशन पर मिले इस सम्मानजनक स्वागत से चालक और परिचालक काफी



अभिभूत दिखे। उन्होंने रेलवे सलाहकार समिति के सभी सदस्यों और स्वागत करने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी, भाजपा के महामंत्री सौरभ जैन, रेलवे सलाहकार समिति तिल्दा नेवरा के सदस्य दिलीप वर्मा, संजय भोजवानी, स्वप्निल श्रीवास्तव, राजकुमार गेंडरे, और वैभव नायक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह स्वागत समारोह भक्तों की आस्था और रेलवे कर्मचारियों के प्रति सम्मान का प्रतीक बन गया।

## आत्मिक उन्नति का श्रेष्ठ साधन है सावन महीने में मानस पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आत्मिक, धार्मिक और अध्यात्मिक उन्नति के लिए श्रीरामचरितमानस का सावन महीने में मासिक पारायण की परंपरा के अनुरूप मठपुरेना फिल्टर प्लांट परिसर स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में मानस पाठ जारी है। सावन मास में मंदिर में प्रति सोमवार को भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। 11 जुलाई को सावन सोमवार को ब्रम्ह मुहूर्त में जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा इसके लिए मंदिर समिति ने तैयारी पुरी कर ली है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि सावन में बाहर से जलाभिषेक के लिए

- **सावन के प्रथम सोमवार को भगवान शिव का भव्य जलाभिषेक की तैयारी**



महादेव घाट सहित अन्य तीर्थ स्थलों पर जाने वाले कांवरियों के लिए मंदिर में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। मंदिर में प्रतिदिन दीनदयाल साहू, परमानंद पटेल, तुकाराम ध्रुव, मुक्ति साहू, बाबूलाल साहू, किशोर गुरुजी द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। इस कार्यक्रम में महिला मंडली की शीला तिवारी, बसंती मानिकपुरी आदि का योगदान रहता है।

इस अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में डीडी साहू बोरिया वाले, किशोर साहू और छंद गायक राजकुमार धीवर ने हनुमत तत्व की विवेचना की और कहा कि पवन पुत्र हनुमानजी जीवन तत्व है। उनके बिना संसार में किसी भी का गुजारा नहीं हो सकता है। जब तक सांस चल रही है तब तक जीवन है। और जीवन के रहते हमने यदि सांसों के महत्व को समझ लिया तो तभी जीवन में हनुमानजी की कृपा होगी और ब्रम्ह स्वरूप श्री की समझ जीवन स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस के नायक भगवान श्रीराम हैं और श्रीराम की समझ हनुमानजी के बिना संभव नहीं है। इसी भावना से प्रेरित होकर यहां भक्तों और श्रद्धालुओं द्वारा मानस पाठ किया जाता है।

श्रीमानस पाठ की स्थापना पं. घनश्याम वैष्णव द्वारा किया गया। पाठ में सुमन तिवारी, शेखूराम पाल, बाबूलाल साहू, भोज साहू, तुलसीराम सोनकर, होरीलाल सोनकर का योगदान उल्लेखनीय है।

न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)
रा.मा.क्र.202506114300025/207 वर्ष 2024-25,
नवीनीकरण अ-20(1) पेशी
दिनॉक 14/07/2025

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी देवी चंदनानी पति स्व. गोपीचंद चंदनानी निवासी गली न. 1 कटोरातालाब रायपुर के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन रायपुर स्थित ब्लाक नंबर 19 भूखण्ड क्रमांक 6/8, 7/7, 8/8 ऑनलाइन प्लाट नंबर 6/8/7/7/8/8 रकबा 2275 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 14/07/2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
(मुहर) नजूल रायपुर (छ.ग.)

## अभनपुर महाविद्यालय में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में के आईक्यूएसी तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम 4 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकीय एवं अशैक्षणिक स्टाफ को विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी से सेवानिवृत्त पूर्व वित्त नियंत्रक श्री बी. के. लाल ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की



उन्होंने सेवा के सामान्य शर्तें एवं मूलभूत नियम विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। नियमों की व्याख्या करते हुए उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से उपस्थितजनों की शंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर बीके लाल को सम्मान स्वरूप शॉल, पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ला द्वारा की गई उन्होने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति को बधाई दी तथा शिक्षकों के सतत विकास के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ मंजू ताम्रकार,डॉ श्रीमति दीपा पाण्डेय,डॉ पीआर साहू,डॉ टी खाखा,डॉ मल्लिका सूर,डॉ प्रदीप कुमार शुक्ला,विरेन्द्र कुमार जांगड़े व शासकीय कुलेश्वर महादेव एवं नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा नवापारा, गुरुकुल महाविद्यालय के प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

## परमेश्वर महादेव मन्दिर में मानस गान हुआ

**आरंग।** परमेश्वर महादेव मन्दिर लक्ष्मी विहार कॉलोनी आरंग में वैदेही मानस मंडली के तत्वाधान में श्रावणी उत्सव पर विश्व शांति व जन कल्याण निमित्त पूरे एक माह सस्वर मानस गान का आयोजन किया गया है। शनिवार को मानस गान का केंद्र बिन्दु प्रसंग लंका काण्ड का अंगद रावण संवाद था, ज्ञात हो की कॉलोनीवासियों के सहयोग से



मानस मंडली द्वारा पूरे नगर व प्रदेश की खुशहाली के लिए वर्ष भर धार्मिक आयोजन किया जाता है। इस मानस गान में मानस मण्डली की प्रमुख अमरीका साहू, गौरी चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, किरण दीवान, अर्चना शर्मा, लीना चंद्राकर, सीमा निषाद, नंदनी साहू की उपस्थिति रही।

न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00074 डुमरतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440726000065

// ईश्तहार //

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00074 के अंतर्गत ग्राम डुमरतराई के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर. पिता/ पति- पता- रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 334/1 (0.0297) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पतिराम, जतीराम, चंद्रिका, तिलक, शीतल, लता पिता/पति स्व. रामजी पता-डुमरतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़, कोदइया पिता/पति स्व. रामजी पता-डुमरतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार : Jyoti Singh
(मुहर) रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री पंकज सिंह ठाकुर पिता श्री एच.एस. ठाकुर मेसर्स प्रोपाइटर कान्हा होम केयर सर्विस (रजिस्टर्ड नं. 000642/RPRICE/2022) पता सी.एच. 347, सेक्टर-1, एम्स हास्पिटल के पास, टाटीबंध, रायपुर पिन कोड 492099 (छ.ग.) मो. 9993230024 है। यह कि हमारी उक्त संस्था में मैनेजर देव नारायण आयम मो. 7987175075, 9201710701, 6264387696 पिता श्री शिवरतन आयम ग्राम कढ़िया पोस्ट केरता थाना चलगली जिला बलरामपुर छ.ग. के पद पर दिनांक 01/07/2024 से 30/06/2025 तक के कार्यकाल के उपरांत सेवा से निर्मुक्त किया गया है।

यह कि निर्मुक्त दिनांक के पश्चात आम लोगों को सूचना है कि यदि उक्त संस्था से किसी भी प्रकार का सेवा से निर्मुक्त मैनेजर द्वारा उक्त संस्था से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के बाद उक्त किसी भी दशा में प्राप्त आपत्ति, परेशानी, अन्य कोई कारण है उसका जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। अतः सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 11/07/2025

भवदीय
विवेक कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
रायपुर छ.ग.
मो. 93993 20024

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट - 49/09 को श्री प्रदीप परभुनाथ सिंह सूर्यवंशी पिता श्री स्व. श्री परभुराम सिंह पता- फ्लैट नं. ए-12 सूर्या अपार्टमेंट मॉडल टाउन नेहरू नगर ईस्ट भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किया गया है। वर्तमान में श्री प्रदीप परभुनाथ सिंह सूर्यवंशी पिता श्री स्व. श्री परभुराम सिंह के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री युवराज सिंह धंजल पिता श्री इन्दरजीत सिंह पता बी-126 फेस-2 सूर्या मॉल सूर्य विहार कालोनी जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट- 49/09 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**आम सूचना**

(ग्राम - डुमरतराई, प.ह.नं. 74, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री सतीश थौरानी पिता स्व. मंशाराम थौरानी, निवासी- एम. एम. निवास, 6 बंग्लो, गोदड़ीवाला सिटी, बाबा गेलाराम नगर, देवपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके भूमि स्वामी हक व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम-डुमरतराई, प.ह.नं. 74, रा.नि.मं. रायपुर - 10 - डूमरतराई तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 78/55 रकबा 0.1610 हैक्टेयर एवं खसरा नं. 78/97 रकबा 0.2340 हैक्टेयर अर्थात भूमि का कुल रकबा 0.3950 हैक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सुचना प्रकाशन तिथि से 15 (पंद्रह दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इक्छित व्यक्ति या संस्था के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12/07/2025

भवदीय
हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता
शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी कॉम्पलेक्स
श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 9993952220

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा

डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410

LASER PILES
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी

श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कमल विहार में शुरू हुआ पौधारोपण अभियान

रायपुर। कमल विहार स्थित सेक्टर-10 के रहवासियों ने वृहद पौधारोपण अभियान शुरू किया। इस अभियान में समाजसेवी संस्था एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी का भी विशिष्ट सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखरेख और संरक्षण का संकल्प लिया।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र.202506114300025/ 207 वर्ष 2024-25, नवीनीकरण अ-20(1) पेशी दिनॉक 14/07/2025**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी देवी चंदनानी पति स्व. गोपीचंद चंदनानी निवासी गली न. 1 कटोरातालाब रायपुर के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन रायपुर स्थित ब्लाक नंबर 19 भूखण्ड क्रमांक 6/8, 7/7, 8/8 ऑनलाइन प्लाट नंबर 6/8/7/7/8/8 रकबा 2275 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक **14/07/2025** तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

ईश्तहार आज दिनांक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आज सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक चलेगा। सत्र से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही खेमों ने सत्र को लेकर रणनीति बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में 13 जुलाई को कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक होंगी, जिनमें विधानसभा सत्र की रूपरेखा पर गंभीर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक 13 जुलाई को शाम 4 बजे राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में सरकार को सत्र के दौरान घेरने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी। विधायक दल की बैठक में राज्य सरकार से जुड़ मुद्दों पर चर्चा कर उसे उठाया जाएगा। संगठन द्वारा विधायकों को निर्देश दिया गया है कि



सभी विधायक सक्रियता से सरकार की नाकामी को सदन में उजागर करें।

## भाजपा सरकार के डेढ़ साल में हुई गड़बड़ियों पर फोकस

विधानसभा में विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों के भी तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं। चूंकि राज्य सरकार को करीब डेढ़ साल हो गए हैं, इसलिए माना जा रहा है कि इस बार भाजपा सरकार में हुई गड़बड़ियों के सवाल को प्रमुखता से उठाया जाएगा। किसानों को खाद बीज की समस्या, कानून व्यवस्था, युक्तियुक्त करण, कानून व्यवस्था, पेड़ की कटाई, अवैध रेत और अवैध शराब सहित अन्य मुद्दों को लेकर सवाल लगे हैं। इसके साथ भारत माला परियोजना में हुए भ्रष्टाचार पर इस बार भी सदन गरमा सकता है। ऐसे में सदन के अंदर गहमागहमी देखने को मिलेगी।

## हर दिन स्थगन लाएंगे

बताया जाता है कि विधानसभा के मानसून-सत्र कांग्रेस बिजली के दाम, शराब घोटाला, डीएपी खाद, कानून व्यवस्था, राजस्व रिकार्ड में हेरफेर जैसे मुद्दों पर स्थगन ला सकती है। विधायक दल की बैठक में यह तय किया जाएगा कि इन मुद्दों को किन क्रम में रखा जाए। कोशिश यह होगी की वरिष्ठ नेता अपनी ओर से प्रश्न काल के बाद मुद्दों को उठाएंगे।

# 10 साल से अधिक लंबित 25 हजार रुपए तक की वैट देनदारियां खत्म होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ में इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे।




### जीएसटी काउंसिल के बैठक लिया गया निर्णय

प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। किए गए प्रस्ताव के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आईजीएसटी में लिए गए आरसीएम का वितरण भी अब अपने ब्रांच ऑफिस में किया जा सकेगा। इससे जीएसटी अधिनियम में विसंगति को दूर करने में मदद मिलेगी और व्यापारियों को इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कारोबार करने में आसानी होगी।

### एकरूपता के प्रयोजन से संशोधन

एक अन्य संशोधन प्रस्ताव अनुसार, ऐसे पेनाल्टी की राशि जिनमें टैक्स की डिमांड सम्मिलित नहीं होती है, उन प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व डिपॉजिट 20 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। यह निर्णय व्यापार जगत को सहूलियत देने वाला साबित होगा।

### विशेष आर्थिक क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन एवं स्पेशल कंपोजिशन लेवी विषय पर गठित मंत्री समूह की अनुशंसा के आधार पर डिमेरिट गुड्स जैसे तंबाकू उत्पाद के लिए ट्रेस एंड ट्रैक मैकेनिज्म लागू किया गया है, जिसके द्वारा इन उत्पादों का निर्माण से अंतिम उपभोक्ता तक विक्रय के समूचे सप्लाई चेन की कारगर निगरानी की जा सकेगी। विशेष आर्थिक क्षेत्रों के वेयरहाउस में रखे गए वस्तुओं, जिनके फिजिकल मूवमेंट के बिना कई बार क्रय-विक्रय संव्यवहार किया जाता है, ऐसे मामलों में ऐसे संव्यवहारों को जीएसटी की परिधि से बाहर रखने के लिए संशोधन लाया गया है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्रों को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।




**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00074 डुमरतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-** RD202425440726000065

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00074 के अंतर्गत ग्राम डुमरतराई के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर. पिता/ पति- पता- रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 334/1 (0.0297) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पतिराम, जतीराम, चंद्रिका, तिलक, शीतल, लता पिता/पति स्व. रामजी पता-डुमरतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़, कोदइया पिता/पति स्व. रामजी पता-डुमरतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **30/07/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **11/07/2025** को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार :** Jyoti Singh
मुहर **रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री पंकज सिंह ठाकुर पिता श्री एच.एस. ठाकुर मेसर्स प्रोपाइटर कान्हा होम केयर सर्विस (रजिस्टर्ड नं. 000642/RPRICE/2022) पता सी.एच. 347, सेक्टर-1, एम्स हास्पिटल के पास, टाटीबंध, रायपुर पिन कोड 492099 (छ.ग.) मो. 9993230024 है। यह कि हमारी उक्त संस्था में मैनेजर देव नारायण आयम मो. 7987175075, 9201710701, 6264387696 पिता श्री शिवरतन आयम ग्राम कढ़िया पोस्ट केरता थाना चलगली जिला बलरामपुर छ.ग. के पद पर दिनांक 01/07/2024 से 30/06/2025 तक के कार्यकाल के उपरांत सेवा से निर्मुक्त किया गया है।

यह कि निर्मुक्त दिनांक के पश्चात आम लोगों को सूचना है कि यदि उक्त संस्था से किसी भी प्रकार का सेवा से निर्मुक्त मैनेजर द्वारा उक्त संस्था से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के बाद उक्त किसी भी दशा में प्राप्त आपत्ति, परेशानी, अन्य कोई कारण है उसका जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। अतः सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 11/07/2025

**भवदीय**
**विवेक कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**रायपुर छ.ग.**
**मो. 93993 20024**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट - 49/09 को श्री प्रदीप परभुनाथ सिंह सूर्यवंशी पिता श्री स्व. श्री परभुराम सिंह पता- फ्लैट नं. ए-12 सूर्या अपार्टमेंट मॉडल टाउन नेहरू नगर ईस्ट भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किया गया है। वर्तमान में श्री प्रदीप परभुनाथ सिंह सूर्यवंशी पिता श्री स्व. श्री परभुराम सिंह के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री युवराज सिंह धंजल पिता श्री इन्दरजीत सिंह पता बी-126 फेस-2 सूर्या मॉल सूर्य विहार कालोनी जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः धरमपुरा रायपुर में ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट- 49/09 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

**(ग्राम - डुमरतराई, प.ह.नं. 74, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री सतीश थौरानी पिता स्व. मंशाराम थौरानी, निवासी- एम. एम. निवास, 6 बंग्लो, गोदड़ीवाला सिटी, बाबा गेलाराम नगर, देवपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके भूमि स्वामी हक व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम-डुमरतराई, प.ह.नं. 74, रा.नि.मं. रायपुर - 10 - डूमरतराई तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 78/55 रकबा 0.1610 हैक्टेयर एवं खसरा नं. 78/97 रकबा 0.2340 हैक्टेयर अर्थात भूमि का कुल रकबा 0.3950 हैक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सुचना प्रकाशन तिथि से 15 (पंद्रह दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इक्छित व्यक्ति या संस्था के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा । सो सूचना जाने ।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12/07/2025

**भवदीय**
**हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता**
**शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी कॉम्पलेक्स**
**श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9993952220**






## मौसम के अनुसार कैसे करें बागवानी

कुछ लोगो के लिये बागवानी करना न केवल पसंदीदा शौक होता है बल्कि उनकी रूचि भी होती है। भारत में मौसम कई प्रकार का होता है, मतबल हर समय बदलता रहता है। जब बात बागवानी की आती है तो हम हमेशा मौसम को देख कर ही पौधे लगाते हैं। मौसम में बदलाव भी बागवानी करने की विधि पर असर डालते हैं। इस तरह से भारत में बागवानी का तरीका बहुत अलग बन जाता है। हर सीजन में पेड़ पौधों को स्वस्थ रहने के लिये एकस्ट्रा केयर की आवश्यकता होती है। बगीचे को मेंटेन रखना तभी ही मुनासिब है जब आप मौसम का ख्याल रखें। एक अच्छे तरीके से लगाया गया पौधा पूरे साल लगा रह सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके बगीचे में पेड-पौधे सालों साल खिले रहें तो, आपको उस पर थोड़ा समय और एनर्जी खर्च करनी होगी। तो आइये जानते हैं कुछ गार्डनिंग टिप्स जो आपके बगीचे को सालों साल सुदंर बनाए रख सकते हैं। पौधों का चुनाव पौधों का चुनाव पौधों का चुनाव हमेशा मौसम के हिसाब से करना चाहिये क्यूंकि भारत का मौसम हमेशा अपने चरम पर होता है। कम रखरखाव कम रखरखाव ऐसे पौधे चुनिये जिनकी देखभाल करने में कोई परेशानी ना हो। हर मौसम में बगीचे में लगाए हुए पौधों की देखभाल करना मुश्किल काम होता है इसलिये कम रखरखाव वाले पौधे चुनिये। लंबे जीने वाले पौधे लंबे जीने वाले पौधे अगर आपने कम जीने वाले पौधे खरीदे तो आपको दुबारा अपने बगीचे में काम करना पड़ जाएगा। हमेशा लंबे सालों तक जीने वाले पौधे ही लगाएं। मौसमी फूल मौसमी फूल अगर आपने मौसम के हिसाब से फूल के पौधे का चुनाव कर लिया है तो, आप इन्हें हमेशा के लिये बरकरार रख सकते हैं। इस तरह आपका बगीचा हमेशा फूलों से भरा रहेगा। बचाव भी जरुरी बचाव भी जरुरी पौधे ऐसे लें जो अपना बचाव खुद की कर सकें। इससे आपके बहुत पैसे बचेंगे और बेमतलब का काम भी नहीं बढेगा। सही समय पर पानी देना सही समय पर पानी देना मौसम के अनुसार पौधों को पानी देने का समय भी बदलना चाहिये। बारिश के समय भी अपने पौधों को बचा कर रखना चाहिये नहीं तो ज्यादा पानी उन्हें बरबाद कर सकता है। हवा और रौशनी हवा और रौशनी हवा और रौशनी का ऐसा प्रबंध होना चाहिये कि बगीचे के पौधे अच्छी तरह से बढ सकें। हर मौसम में सूरज की रौशनी अलग अलग तरह की हो सकती है इसलिये पौधों की जगह भी बदलते रहें।





# साइबर जालसाज ठगी के बाद लीगल कार्रवाई करने की धमकी देकर कर रहे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार को डिजिटल अरेस्ट की तरह प्रताड़ित कर वसूली कर रहे हैं। रेंज साइबर पुलिस ने इस तरह ठगी के प्रकरणों में एक साल के भीतर जालसाजों के अकाउंट में जमा 40 करोड़ रुपए होल्ड कराया है। इसके साथ ही ठगी के शिकार लोगों को चार करोड़ रुपए रिफंड कराया है। रेंज साइबर पुलिस का दावा है कि एक साल के भीतर आधे से ज्यादा लोगों को उनकी ठगी की रकम वापस दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। ठगी की होल्ड रकम वापस दिलाने में देर होने की वजह जालसाजों द्वारा अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर होना बता रहे हैं। रेंज साइबर टीआई मनोज नायक के अनुसार साइबर ठगी की जितनी शिकायतें आती हैं, अफसरों के निर्देश पर उन मामलों को सुलझाने त्वरित कार्रवाई की जाती है। साथ ही उनकी प्राथमिकता ठगी की रकम को जल्द से जल्द होल्ड कराने का रहता है। ठगी की रकम होल्ड होने के बाद पीड़ितों को उनकी रकम दिलाने में मदद मिलती है। रेंज साइबर पुलिस राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा पीड़ितों को ठगी की रकम वापस दिलाने में काफी आगे है।

**म्यूल अकाउंट पर लगा अंकुश :** साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बाद जालसाज रायपुर में म्यूल अकाउंट खुलवाने से बच रहे हैं। इसके अलावा रायपुर से म्यूल अकाउंट लेने से बच रहे हैं।

### ठगी करने के बाद इस तरह से धमका रहे

शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाज लोगों को अपने झांसे में लेकर पैसा जमा करवाने के बाद उन्हें ऑनलाइन लाखों का मुनाफा बताते हैं। रकम आहरण करने की कोशिश करने पर जालसाज पीड़ित को उसके नाम से बैंक से लोना होना बताकर पैसा देने से इनकार कर देते हैं। पीड़ित शेयर ट्रेडिंग का कथित तौर पर मुनाफा हासिल करने पैसा जमा करता है तब तक जालसाज उन्हें कुछ नहीं बोलते। पैसा जमा करने से इनकार करने पर जालसाज कानूनी कार्रवाई करने का भय दिखाकर पैसा वसूली करते हैं।



**पुलिस की दखल के बाद मिली रकम :** जालसाजों की धमकी के बाद अमिताभ ने इसकी शिकायत रेंज साइबर थाने में की। रेंज साइबर पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिन अकाउंट में रकम ट्रांसफर हुई थी, उसे सीज कराया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के छह माह के भीतर अमिताभ को रकम वापस मिली। इसी तरह से बीएड में दाखिला के नाम से एक लाख रुपए ठगी की शिकार पूजा साहू को रेंज साइबर पुलिस ने ठगी की रकम वापस दिलाई।

### पीड़ित की जुबानी कैसे की ठगी

रायपुर निवासी अमिताभ त्रिपाठी के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई से अगस्त के बीच अज्ञात मोबाइल धारक ने उसे मैसेज भेज कर एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद ग्रुप में जुड़े लोगों ने अमिताभ की काउंसिलिंग कर शेयर ट्रेडिंग में रकम निवेश करने के लाभ बताए। झांसे में आकर अमिताभ ने जालसाजों के बताए अकाउंट में रकम जमा कराया। इस तरह से अमिताभ जालसाजों के अकाउंट में साढ़े पांच लाख रुपए जमा कर चुका था। ऑनलाइन अमिताभ को 37 लाख प्रॉफिट मिलना दिख रहा था। अमिताभ ने अकाउंट से पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने अमिताभ को उसके नाम से बैंक में साढ़े सात लाख रुपए कर्ज होना बताया। कर्ज की राशि जमा करने के बाद अमिताभ को रकम वापस देने का झांसा दिया।

## निधन

### श्रीराम मिश्रा



**रायपुर।** मुस्कान रेसीडेंसी के पीछे निवासी श्रीराम मिश्रा (84) का 12 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जुलाई को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अवनीश और पत्रकार रजनीश मिश्रा के पिता और आयुष, अभिनव के दादा थे।

### दीपक कुमार शर्मा



**रायपुर।** ब्राह्मण पारा निवासी दीपक कुमार शर्मा का 10 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय मुरली प्रसाद शर्मा के छोटे पुत्र और राजेश, कैलाश, अखिलेश शर्मा के छोटे भाई थे।

### संतोष बैद



**रायपुर।** शंकरा हुंडई के पास यूफोरिया निवासी संतोष बैद का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जुलाई को सुबह 11 बजे निवास स्थल से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. गौतमचंद बैद के पुत्र, उत्तमचंद, अखेराज, हुकुमचंद के भतीजे, आनंद के भाई थे।

## पब्लिक हलाकान, आधे घंटे तक सरकना हुआ मुश्किल

# गुढ़ियारी में लंबा जाम गाड़ियों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अंडरब्रिज से बाजार क्षेत्र तक रोज शाम ट्रैफिक जाम

राजधानी के गुढ़ियारी अंडरब्रिज से लेकर बाजार तक शनिवार शाम ट्रैफिक जाम से लोग परेशान रहे। इस बीच दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों की लाइन लगी रही। अव्यवस्थित पार्किंग और एक दूसरे से आगे निकलने की हड़बड़ी में यातायात का दबाव इतना ज्यादा रहा कि आधे घंटे तक जाम में फंसे लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। आसपास के रहवासियों का कहना है कि गुढ़ियारी अंडरब्रिज के पास रोज शाम को ट्रैफिक जाम होने से इस मार्ग में आना-जाना मुश्किल हो जाता है।

गुढ़ियारी के थोक बाजार को शहर से बाहर डूमरताई में शिफ्ट करने के बाद भी लोगों को यहां ट्रैफिक जाम से अब तक राहत नहीं मिल पायी है। अंडरब्रिज से गुढ़ियारी पड़ाव इलाके में शनिवार को लोग आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। इसके कारण गाड़ियों का सरकना तक मुश्किल हो गया। चारपहिया वाहनों की एक से ज्यादा लाइन लगने और भीड़ ज्यादा होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में खासी परेशानी उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये रही कि ट्रैफिक जाम लगने के बाद भी स्पॉट पर ट्रैफिक के जवान वहां नहीं दिखे। लोगों ने लचर यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को जमकर कोसा।



**आड़ी तिरछी गाड़ियों की पार्किंग बनी परेशानी का कारण**

गुढ़ियारी अंडरब्रिज से लेकर बाजार क्षेत्र के मार्ग वाली सकरी सड़क पर दोपहिया, चारपहिया की अव्यवस्थित पार्किंग और गाड़ियों की लोडिंग अनलोडिंग के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। आड़े तिरछे ढंग से गाड़ियों की पार्किंग करने से लोगों को सुगम आवागमन में दिक्कत हुई। पैदल चलने वाले, दोपहिया चालक किसी तरह अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़े। बारिश के सीजन में ट्रैफिक जाम के दौरान कीचड़ और गंदगी तथा सड़क पर जगह-जगह गड्ढों से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

**तेज रोशनी, गाड़ियों की चिल्लपों ने किया परेशान :** गुढ़ियारी अंडरब्रिज से बाजार तक लगे ट्रैफिक जाम में गाड़ियों के तेज हार्न और अंधेरे में रोशनी की चकाचौंध के कारण लोगों की आंखें चौंधियाती रहीं। जाम में फंसे लोगों को यह सूझ नहीं रहा था कि इधर जाएं या उधर, क्योंकि जहां देखो वहीं गाड़ियां की लाइन लगी नजर आ रही थी। अंधेरे में उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा था। आटो रिक्शा, पैदल चलने वाले इस कदर जाम में फंसे कि कुछ देर तक निकलना मुश्किल हो गया।

# लक्ष्मीनगर के पास 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निगम के नोटिस के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं था

नगर निगम जोन 6 के नगर निवेश विभाग की टीम ने शनिवार को लक्ष्मीनगर वीआईपी चौक के पास योगेश वर्मा द्वारा किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। नोटिस देने के बाद भी संबंधित द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर निगम अमले ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की।



दरअसल, संतोषीनगर क्षेत्र के लक्ष्मीनगर एरिया में वीआईपी चौक के पास किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को जोन 6 की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने में तत्परता दिखायी। जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 4 दुकानों के अवैध निर्माण को नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं किये जाने और निर्माण कार्य लगातार जारी रखने पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निवेश सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में स्थल पर की गयी।

सफलता के सूत्र – संकल्प • साधना • समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
Elevate Your Future.
Experience Educational Excellence.
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com | BBA | BCA | BAMC | B.Sc. | B.Sc. | M.Com | MSW | MBA | MJ | PGD IN YOGA | PGDCA | PGDJ | DCA | Ph.D
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS | SEMINAR & WORKSHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES.

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For Implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit – 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable: 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

arka YOUR EVENT PLANNER Presents
JOSH MEMBERS DAY | 2025
13TH JULY 2025, SUNDAY
Indira Gandhi Agricultural University (Hall), Raipur
BNI RAIPUR REST OF CHHATTISGARH

BNI रायपुर और शेष छत्तीसगढ़ का जोश महोत्सव आज!
जोश मेम्बर्स डे में जुटेंगे हज़ारों उद्यमी, रायपुर बन रहा बिज़नेस नेटवर्किंग का सेंटर

रायपुर, 13 जुलाई 2025 – छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर एक बड़े बिज़नेस उत्सव की तैयारी करने जा रहा है। विश्व की सबसे बड़ी बिज़नेस नेटवर्किंग संस्था BNI आज रविवार को अपने "जोश मेंबर्स डे" का आयोजन कर रही है। यह भव्य आयोजन इंदिरा गांधी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित होगा और इसमें व्यापार, नेटवर्किंग, सहयोग और प्रेरणा की नई ऊँचाइयाँ देखने को मिलेंगी। जोश मेंबर्स डेः नेटवर्किंग का त्योहार, व्यवसाय का विस्तार "जोश" सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि BNI के सदस्यों के लिए साल भर की मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव है। यहाँ हर सदस्य को अपनी प्रतिभा दिखाने, नए संपर्कों से जुड़ने और प्रेरणादायी अनुभवों से सीखने का अवसर मिलता है। BNI की 'Givers Gain' की विचारधारा व्यापार में सहयोग की भावना को मजबूत करती है, और यही सोच इस आयोजन का आधार है। इस वर्ष का "जोश" इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह BNI छत्तीसगढ़ के आठ वर्षों की पूर्णता का प्रतीक है। रायपुर और अन्य शहरों से कई सारे BNI सदस्य इस समारोह में भाग लेंगे, जिनमें व्यवसायी, स्टार्टअप फाउंडर्स, लीडर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स शामिल होंगे।
BNI की ताकत – ग्लोबल नेटवर्क, लोकल कनेक्शन BNI आज भारत के 131 शहरों और विश्व के 76 देशों में फैला हुआ है। करीब 40 वर्षों की इस संस्था की ताकत उसका बिजनेस रेफरल मॉडल है, जिससे लाखों उद्यमियों ने अपने व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है। छत्तीसगढ़ में 1300 से अधिक सदस्य इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। आने वाले महीनों में और भी चैप्टर्स खुलने की संभावना है, जो राज्य में व्यापारिक विकास की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को और खास बनायेगी।
BNI के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिनमें शामिल हैं: श्री हेमू सुवर्णा, प्रेसिडेंट, BNI इंडिया । बिमल सामल, डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर, BNI इंडिया एवं BNI कोलकाता और नॉर्थ इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स। BNI रायपुर & रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर्स राजेश बाईस्या और श्वेता बाईस्या कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे और छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों को नई प्रेरणा देंगे।



छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर
BNI वह व्यावसायिक मंच है जो स्टार्टअप्स, उद्योगों, व्यापारियों, एंटरप्रेन्योर्स, आदि को अपने व्यापार के विस्तार लिए मजबूत सपोर्ट देता है। और वैश्विक व्यापार को अच्छे से समझने का अनुभव भी देता है। यह महिला उद्यमियों के लिए भी एक बेहतर मंच है।
नए संबंध, नए विचार, नए अवसर – "BNI" में मिलेगा यह सब, और भी बहुत कुछ!
मो. 9392800001, 8435349884, 7509077778

कार्यक्रम की कमानः जोश के चेयरपर्सन



अमितेश शर्मा
जोश 2025 चेयरपर्सन
"जोश मेंबर्स डे सिर्फ एक आयोजन नहीं, यह हमारे सदस्यों की ऊर्जा, प्रतिबद्धता और नेटवर्किंग की शक्ति का जश्न है। इस वर्ष हम इसे और अधिक प्रभावशाली और यादगार बनाने जा रहे हैं।"
मो. 7509077778



अंजली मिनोचा
जोश 2025 चेयरपर्सन
"यह मंच न केवल व्यावसायिक कनेक्शन को मजबूत करता है, बल्कि एक परिवार की तरह BNI सदस्यों को जोड़ता है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि BNI के ज़रिए छत्तीसगढ़ की व्यापारिक दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।"
मो. 84353 49884
BNI RAIPUR REST OF CHHATTISGARH
MAIN SPONSOR
Tejomaya Designs
CO- SPONSORS
Wise Books
PRITHVI buildcon
Akhill M Business Coach
NEATNATURE SOLUTIONS PVT. LTD.
ASSOCIATE SPONSORS
ELEGANCE
EVD Technology
Klaimify
PIX PLUS
GST
LEXORU
PARTNERS
Gift Point
BONDIA
Visualmax Creatives
Whiteboard
Brandship
arham travels
FOODYE
KELO
MAIN SPONSOR
MARUTI SUZUKI ARENA & NEXA
Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.
6262620000
6262620019
AdPRAYAS

Launching
A New Chapter in Cancer Care
TODAY
Carcinoma® Care Center
A day care center with intelligent treatment
A venture by PrimeWall Group
Chemotherapy Day-Care Center
Guests of Honor



Dr. Sandeep Dave
Director
Ramkrishna Care Hospital



Shri Anand Singhania
Managing Director
Avinash Group



Dr. Bhawna Sirohi
Medical Director &
Senior Medical Oncologist
Balco Medical Centre
13th July 2025, Sunday | 11 AM to 5 PM
1st Floor, Above HDFC Bank, Before AIIMS Gate No.1, Tatibandh, Raipur
Committed to Finest Cancer Care..
• Dr. Deba Dulal Biswal • Anil Sawadia
• Dr. Manisa Sahu • Anisha Sawadia
Scan to find us
Raipur Rajnandgaon Bargarh | Toll-free: 1800 309 2967

# मेडिकल क्यूब्स 'भीष्म' से सुसज्जित हुआ एम्स, आपदा आने पर 10 मिनट में तैयार होगा पोर्टेबल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत किसी भी तरह की आपदा आने पर भीष्म मेडिकल क्यूब्स से दस मिनट के भीतर पोर्टेबल अस्पताल तैयार हो जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण से सुसज्जित इस अस्पताल के एक यूनिट में 2 सौ मरीजों का इलाज करने की क्षमता होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को इस मेडिकल क्यूब्स से लैस किया गया है।

सबसे सुविधाजनक बात यह होगी कि इसे किसी भी आपदाग्रस्त क्षेत्र में हवाई मार्ग से भी पहुंचाया जा सकेगा। यह मेडिकल क्यूब्स सौर ऊर्जा पर आधारित होगा और आपतकाल में बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी होगी। भीष्म मेडिकल क्यूब्स प्राकृतिक आपदाओं, सामूहिक दुर्घटनाओं और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित ट्रॉमा केयर और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गया है।

प्रत्येक क्यूब 10–15 मिनट के भीतर एक पूर्ण रूप से कार्यशील मोबाइल अस्पताल में परिवर्तित हो सकता है, जिसमें ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन वार्ड, जीवन रक्षक दवाएं, रक्त परीक्षण किट, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन, स्ट्रेचर व अन्य आवश्यक उपकरण सम्मिलित हैं। चिकित्सकों ने बताया कि एआई-आधारित निगरानी प्रणाली मरीजों की स्वास्थ्य स्थितियों की रियल-टाइम ट्रैकिंग करती है, और इसका जलरोधी डिज़ाइन बाढ़ व भारी वर्षा के दौरान भी कार्यशील रहता है।

**ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण शामिल**

### नक्सल विरोधी अभियान में हो सकते हैं उपयोगी

चिकित्सकों के अनुसार मेडिकल क्यूब्स न केवल आपदा जैसी परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में सहायक होंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में, विशेष रूप से नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर आयोजित एक बड़े ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम में 500 डॉक्टर, नर्स, पेरामेडिक्स, पुलिसकर्मी, सशस्त्र बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएप और एएनटीएफ के सदस्य सम्मिलित हुए।



### आपदा प्रतिक्रिया क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा

एम्स में भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एवं मैत्री) परियोजना का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह क्यूब्स हमारी आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आएंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि परियोजना का उद्घाटन हमारे संस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए ऐताहासिक क्षण है।

## खबर संक्षेप



### पवन महामंत्री मनीष बने सचिव

**रायपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने पवन कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा महामंत्री और मनीष कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। यह दायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुशंसा व अनुमोदन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में सौंपा गया है।

### भाषा के नाम पर किसी से भी दुर्व्यवहार न करने का अनुरोध

**रायपुर।** संयुक्त महाराष्ट्रीयन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रामटेके ने मनसे नेता राज ठाकरे एवं शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से अनुरोध किया है कि भाषा के नाम पर अन्य प्रांतों से महाराष्ट्र गए लोगों से दुर्व्यवहार, मारपीट न की जाए, क्योंकि महाराष्ट्र के लाखों लोग भी देशभर के अन्य राज्यों में अपने व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ऐसे में अगर उनके साथ भी किसी अन्य प्रदेश में अप्रिय व्यवहार किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उक्ताशय की जानकारी राकेश गजभिये ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### ऑनलाइन होगी कार्टून प्रतियोगिता

**रायपुर।** इस साल छत्तीसगढ़ राज्य के 25 बरस पूरे हो रहे हैं और कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच के अपने प्रकाशन के 30वें वर्ष में प्रवेश करने वाली है। इस मौके पर कार्टून वॉच एवं समाज कल्याण विभाग छग की ओर से युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर अखिल भारतीय कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्टून वॉच के सम्पादक त्रयम्बक शर्मा ने इस प्रतियोगिता में 15 साल की उम्र और उससे बड़े लोग ही हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता ऑनलाइन होगी और 15 जुलाई की शाम तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार और एक एक हजार रुपए के बीस विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

# सरोना का ट्रैफिक सिग्नल बंद, हादसे का खतरा बढ़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रहवासियों की शिकायत पर अब तक नहीं सुधारा गया सिग्नल
- भारी वाहनों की होती है आवाजाही

शहर के व्यस्त मार्गों में से एक टाटीबंध-सरोना चौक का सिग्नल पिछले 10 दिनों से बंद है। सिग्नल बंद होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय रहवासियों ने सिग्नल बंद होने की जानकारी जिम्मेदारों को दी है। बावजूज इसके अब तक सिग्नल ठीक नहीं किया गया है।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार टाटीबंध-सरोना चौक पर सुबह से लेकर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। साथ ही सरोना चौक से स्थानीय रहवासी आवाजाही करते हैं। सिग्नल पार कर स्कूली बच्चे भी आवाजाही करते हैं। चौक का सिग्नल बंद होने की वजह से भारी वाहन चौक में रफ्तार कम करने के बजाये तेजी से अपना वाहन निकालते हैं। इससे स्कूली बच्चे रोड पार करने से डर रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। समय पर मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से सिग्नल बंद होने की बात जानकार तथा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कह रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से चौक में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

## नैनो डीएपी खरीदने का सरकार ने अब जारी किया टेंडर

# खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठग रही, लगातार झूठ बोल रही सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दो वर्षों में हमने जनता की लड़ाई लड़ी: दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठगने का काम कर रही है। प्रदेश में किसानों को उर्वरक नहीं मिल पा रहा, बोआई का काम, रोपाई का समय तेजी से बीत रहा है, खुले बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है। सरकार लगातार झूठ बोल रही कि पूरे प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने विज्ञापन भी जारी किया है कि सरकारी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में नैनो, डीएपी उपलब्ध है।

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में कहा, सरकार ने 11 जुलाई फिर से नैनो खरीदने के लिए निविदा जारी की है। इससे सवाल यह उठता है कि कब खरीदी होगी, कब सप्लाई और भंडारण होगा, कब बांटेंगे, जरूरत तो आज है। अगस्त, सितंबर में भी सप्लाई होगी, तो अनुपयोगी होगी। नैनो की लाइफ़ 6-7 माह रहती है, फिर ये एक्सपायर हो जाएगा। समय बीत जाने के बाद उपलब्धता का क्या लाभ? सरकार यदि वास्तव में जागरूक और ईमानदार किसान हितैषी होती, तो ये कदम अप्रैल में लेना था, अभी महंगे दाम पर खाद लेने के लिए किसान को व्यापारियों के पास झोंक दिया। 1350 में मिलने वाली खाद 2000 में बेची जा रही है, कोचियों, बिचौलियों और जमाखोरी को सरकार का संरक्षण है।

### जनता की लड़ी लड़ाई

दो वर्षों में हमारी कोशिश रही कि हम जनता की लड़ाई लड़ें। जनता की तकलीफों की आवाज बनें, हमने एक दर्जन से अधिक न्याय यात्राएं कीं, आंदोलन किया, विधानसभा घेराव, सीएम हाउस घेराव, धरना प्रदर्शन जैसे तमाम लोकतांत्रिक हथियारों से विपक्ष के धर्म को निभाने का काम किया, हम कितने सफल रहे, यह आकलन करने का काम आप सब पर छोड़ता हूं। हमारा संघर्ष जन सरोकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

### समितियों के स्टॉक सार्वजनिक करे सरकार

उन्होंने कहा, प्रदेश में 2354 सहकारी समितियों के स्टॉक डिटेल सरकार सार्वजनिक करें, झूठे प्रचार नहीं। हमने अपने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा है कि वे खुद सोसाइटी में जाकर भौतिक सत्यापन करें। नकली और मिलावटी खाद खुले आम बिक रही है। निजी खाद दुकानों में कहीं भी स्टॉक का वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। प्रदेश में निजी खाद बेचने वाले व्यापारियों खासकर डीएपी के सुपर स्टॉकिस्ट/डीलर कौन है, सरकार बताये?

### बैज के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे कांग्रेस नेतृत्व का जताया आभार

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को आज दो वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने दो साल के कार्यकाल पर सबके सहयोग के लिए आभार जताया, कांग्रेस नेतृत्व का आभार जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा दिखाया, इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित अपने वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस के सहयोगी मित्रों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सभी के प्रति आभार, मीडिया के प्रति विशेष आभार आपने हमारे संघर्षों को मंच दिया।

### बिजली बिल के दामों की बढ़ोतरी, कांग्रेस करेगी आंदोलन

उन्होंने कहा, बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

# किसानों की समृद्धि कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं हो रही : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कांग्रेसी अराजकता फैलाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खाद-बीज नहीं मिलने का सफेद झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को बरगलाने और अराजकता फैलाने के अघोषित कांग्रेसी एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा, प्रदेश में कहीं भी खाद-बीज के लिए किसानों को परेशान नहीं होने देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है।

श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेता और पदाधिकारी कदम-कदम पर झूठ बोलने की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। यूरिया और डीएपी खाद को लेकर कांग्रेस बिना वजह मिथ्या प्रलाप कर रही है जबकि अभी प्रदेशभर में नैनो यूरिया ,एनपीके, सुपर फास्फेट, ग्रोमोर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किसानों को 6 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज और मांग अनुसार नगदी कृषि ऋण का वितरण किया जा रहा है। इन सब का उपयोग से प्रदेश के किसान कृषि-कार्य को रफ्तार दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेसी यह चाहते हैं कि किसानो में भ्रम फैले, किसानों में आशंकाओं के चलते अकारण दहशत और अफरा-तफरी मचे और फिर उस आड़ में कांग्रेसी अराजकता फैलाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाएं।

श्री शर्मा ने कहा, अपने शासनकाल में तो कांग्रेसियों ने किसानों का सुकून छीन ही रखा था, अब सत्ता से उखाड़ फेंक दिए जाने के बाद भी कांग्रेसी किसानों की खुशी और उनका हित नहीं चाहते हैं और बेवजह के झूठ बोलकर के भ्रामक वातावरण निर्मित करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस अपनी इस बदनीयती में कतई सफल नहीं होगी।

## बिजनेस साइट

### बीआईएस रायपुर की उद्योग संगोष्ठी संपन्न मानकीकरण और गुणवत्ता पर दिया जोर



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा होटल बेबीलॉन में एक दिवसीय उद्योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों के बीच मानकीकरण एवं गुणवत्ता के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में संतोष जैन, ओमप्रकाश सिंघानिया और अभिनव सत्यवंशी उपस्थित रहे। बीआईएस रायपुर शाखा के निदेशक एवं प्रमुख सुमन कुमार गुप्ता ने उद्घाटन भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। फालेंद्र कुमार, वैज्ञानिक-डी ने बीआईएस की गतिविधियों और उद्योगों में भारतीय मानकों के प्रयोग पर विस्तार से प्रस्तुति दी। मानकों की खोज और उपयोगकर्ता सुविधाओं के संदर्भ में बीआईएस केयर एप और मानक ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी वैज्ञानिक-बी आशीष अग्रवाल द्वारा दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

### बैंक ऑफ इंडिया ने नई शाखा का किया उद्घाटन



**रायपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने बलरामपुर शहर में अपनी नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर और बैंक की आंचलिक प्रबंधक गायत्री कम्पा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शाखा का शुभारंभ किया। इस नई शाखा की शुरुआत के साथ ही छत्तीसगढ़ में बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जो राज्य में बैंक के वित्तीय समावेशन एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन समारोह में जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) अंकित शर्मा, उप आंचलिक प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद चौरसिया, पुलिस विभाग, एनएचएम, बैंक के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक कम्पा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया का उद्देश्य है कि देश के प्रत्येक नागरिक को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं सुलभ हों और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जाए।

### दिल्ली आईएएस एकेडमी में प्रारंभ हुआ 3 वर्षीय न्यू फाउंडेशन बैच



**रायपुर।** जीई रोड, राजकुमार कॉलेज के सामने स्थित दिल्ली आईएएस एकेडमी द्वारा 3 वर्षीय पी-21 न्यू फाउंडेशन बैच की शुरुआत की है, जिसमें प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए व्यापक तैयारी कराई जाएगी। संस्थान के संस्थापक एवं शिक्षाविद सौरभ चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैच की विशेषताओं में उत्तर लेखन कौशल में दक्षता हेतु विशेष अभ्यास, निबंध लेखन व प्रस्तुति कौशल पर फोकस, वन-टू-वन मेंटरशिप, परीक्षा उन्मुख पाठ्यक्रम एवं अध्ययन सामग्री शामिल हैं। इसके अलावा विषयवार टेस्ट, समय प्रबंधन, शब्द सीमा रणनीति, डाउट क्लीयरिंग सेशंस और इंटरएक्टिव गाइडेंस जैसी सुविधाएं भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

### एमएम स्कूल रायपुर में शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** एमएम स्कूल रायपुर में आज छात्र नेतृत्व का भव्य उत्सव मनाया गया। वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित छात्र परिषद ने जिम्मेदारियों की शपथ ली। छात्रों का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ, जिसमें स्कूल और हाउस कप्तान पदों पर छात्र और छात्राओं दोनों का चयन किया गया। समारोह का शुभारंभ गार्ड ऑफ ऑनर और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। चारों सदनों साहस, समग्र, शक्ति और शौर्य के प्रतीक चिन्हों का अनावरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भट्टाचार्जी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सदन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने ध्वजों को सम्मानित किया।

# केंद्रीय मंत्री दास और बृजमोहन ने अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**रायपुर।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित 16वें रोजगार मेले में विभिन्न विभागों में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। राजधानी रायपुर में डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (जनजातीय कार्य मंत्रालय) दुर्गा दास उइके के साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सहभागिता की और नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे।श्री अग्रवाल ने कहा, समर्थ युवा विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसे मूर्त रूप देने की दिशा में रोजगार मेला एक सशक्त पहल है। आज का युवा आत्मनिर्भर भारत का आधार स्तंभ है और उन्हें अवसर देना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रेलवे और अन्य विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में चयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# विधायक मूणत ने जनचौपाल में जनता को दिलाया भरोसा, कहा- राजनीति नहीं, सेवा करने आया हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वीर शिवाजी वार्ड में मंगल भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को वीर शिवाजी वार्ड और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है। श्री मूणत ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे राजनीति नहीं, जनता की सेवा करने आये हैं।

शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम क्षेत्र के वीर शिवाजी और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं, मेरी प्राथमिकता सिर्फ सेवा है। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी है। राजेश मूणत ने जनता से भी अपील की कि यदि कहीं भी घटिया या अधूरा कार्य दिखाई दे, तो उसका वीडियो बनाकर उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि तत्काल जांच करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी आपकी जिम्मेदारी है और पारदर्शिता हमारी।

वीर शिवाजी वार्ड खमतराई में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए विधायक ने एक करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने पटवारी को निर्देश दिया कि एक एकड़ भूमि जल्द से जल्द चयनित करें ताकि मांगलिक भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। यह भवन समाज के सभी वर्गों के उपयोग के लिए होगा।



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि डगनिया तालाब में पचरीकरण, शेड बनाने का काम और चेंजिग रूम बनवाया जा रहा है।

जन चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### शराब दुकान से...

शराब चोरी कर उसमें पानी भर कर दूसरी बोतल में भरकर बेचने का खेल कर रहा था। इतने बड़े पैमाने पर शराब की चोरी में शराब दुकान का सुपरवाइजर आखिर कैसे कर सकता है। इस मामले में और कई लोगों के शामिल होने की बात सामने आई थी, लेकिन उन लोगों के खिलाफ अब तक किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### बारिश थमते ही...

वजह से बारिश की गतिविधि सामान्य और सीमित इलाकों में रहने की संभावना है। पिछले दो दिन ने राजधानी में बारिश की गतिविधि थमी हुई है जिसका सीधा असर यहां के अधिकतम तापमान पर हुआ है।शनिवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री था जो प्रदेश सबसे अधिक था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की गतिविधि में कमी आने की वजह से आने वाले कुछ दिनों तक उमस की परेशानी बढ़ सकती है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में...

किया है कि वर्ष 2024-25 में कुल 23.44 करोड़ रुपये की सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी गई थी। विभाग ने बताया कि पूरी क्रय प्रक्रिया पारदर्शी रही और सभी सामग्रियों की सप्लाई से पहले और सप्लाई के बाद गुणवत्ता जांच कराई गई। राज्य स्तरीय जांच समिति द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जशपुर, सरगुजा और जांजगीर-चांपा जिलों में जाकर प्रदाय की गई सामग्रियों का गहन निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं-राजवाड़े : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पूरे मामले पर कहा, बच्चों और महिलाओं से जुड़ी सेवाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमने तत्परता और पारदर्शिता के साथ जांच पूरी कर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों तक केवल सुरक्षित, मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही पहुंचे।

### कनेक्शन प्रीपैड होने पर...

प्रीपैड कर दिए जाएंगे। इसी के साथ बिजली नियामक आयोग ने इस बात की भी मंजूरी दे दी है कि कनेक्शन प्रीपैड होने पर उपभोक्ताओं को बिजली डेढ़ फीसदी सस्ती मिलेगी। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 20 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है। **मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा** : उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्ज कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

### पोस्टपैड कनेक्शन...

होते चले जाएंगे। जिनके भी मीटर प्रीपैड होंगे, उनको बिजली का उपयोग करने से पहले मोबाइल की तरह ही रीचार्ज कराना होगा, तभी बिजली मिलेगी।

### अलग-अलग कीमत के...

रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



“जोरा के पंजाब केसरी भवन में रंगीलो राजस्थान थीम पर सावन महोत्सव की धूम रही। लुक-छिप ना जाओ जी, म्हाने दीद कराओ जी अरे, क्यों तरसावे हो....म्हाने शकल दिखावो जी... जैसे राजस्थानी लोकगीत की शुरुआत होते ही सभी का ध्यान मंच की ओर गया। जहां मीनू चंगा, संध्या चंगा, सारिका सेठ, ज्योति सेठ ने राजस्थानी गाने पर ग्रुप कठपुतली नृत्य पेश किया। मंच पर नृत्य की शुरुआत होते ही महिलाओं का स्वागत तालियों के साथ हुआ, जहां एक के बाद एक मनमोहक गीतों पर प्रस्तुति दी गई।”

पंजाबी सनातन सभा का जोरा के पंजाब केसरी भवन में भव्य आयोजन, छलका उत्साह

# रंगीलो राजस्थान... पारंपरिक साज-श्रृंगार संग गीत-नृत्य से सजाया सावन महोत्सव

**रायपुर।** पंजाबी सनातन सभा ने सावन महोत्सव का भव्य आयोजन करते हुए महिलाओं को कला और संस्कृति से जोड़ने का अवसर दिया। इस साल सावन महोत्सव की थीम 'रंगीलो राजस्थान-पधारो म्हारे देश' रखी गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान और आभूषणों से अलग अंदाज में शामिल हुईं। महोत्सव की शुरुआत शानदार पारंपरिक परिधानों में महिलाओं की एंट्री के साथ हुई। प्रोग्राम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक श्रृंखला सजाई गई। जैसे-जैसे सांस्कृतिक मंच पर लोकनृत्य, घूमर, कठपुतली नृत्य के साथ ही पारंपरिक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति जुड़ रही थी, महोत्सव भी राजस्थानी रंग में रंगता जा रहा था। महिलाओं ने इसे बहुत रोचक अंदाज में आगे बढ़ाया।





### सावन क्वीन सिम्पल आहूजा और नीतू विग....

आयो रे आयो रे भया रंगीलो मेहमान...ओ म्हारी घूमर छे नखराली ऐ मां घूमर रमवा म्हें...कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी घूमर लोकनृत्य में प्रस्तुति दी गई। सावन महोत्सव में रंगबिरंगी राजस्थानी पोशाक के साथ सभी नजर आईं, जिसमें सिम्पल आहूजा और नीतू विग को सावन क्वीन का खिताब मिला, जिन्होंने पारंपरिक पोशाक व आभूषणों के साथ राजस्थानी बोली में संबोधित कर दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान नीलम आहूजा, रेनू कौशल, वाबना बग्गा, अमिता शर्मा, श्वेता ठेठवाल, खुशबू विग, ममता विग, शिवानी, प्रिशा खुराना ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी।



### संस्कृति से जुड़े स्टॉल और श्रृंगार प्रोडक्ट

सावन महोत्सव में मनोरंजन के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने के उद्देश्य से कई पारंपरिक व लोक संस्कृति से जुड़े स्टॉल भी सजाए गए। इस बार राजनांदगांव से अनुभवी कारीगरों को आमंत्रित किया गया। महिलाओं के लिए मौके पर लाख की चूड़ियों को लाइव बनाया। इनके बीच रंगबिरंगी चूड़ियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हर प्रोडक्ट संस्कृति और श्रृंगार के लिहाज से तैयार किया गया था।

### मेहंदी से हाथों पर लिखवाया पति का नाम

महिलाओं ने सोलह श्रृंगार में सजकर दोनों हाथों पर डिजाइनर मेहंदी लगवाई, जिससे माहौल में पारंपरिक सौंदर्य और उत्सव की भव्यता और भी निखरकर सामने आई। ऐसे में सुहागिन महिलाएं अपने पति का नाम मेहंदी पर लिखाती नजर आईं, वहीं दूसरी ओर मेहंदी पर राजस्थानी संस्कृति से जुड़ी वस्तुओं का चित्र हाथों पर बनवाया गया। देर शाम तक कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने जोशीले अंदाज में सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपना हुनर दिखाया।

## एजूकेशन अलर्ट

# अग्निशमन विभाग में 295 और इंडियन नेवी ने 1110 पदों पर निकाली भर्ती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केंद्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत 1387 छात्रों को लाभ मिलेगा। जिन छात्रों ने इस वर्ष स्नातक में प्रवेश लिया है और जिन्होंने 80 परसेंटाइल या न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, वे 31 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको पोर्टल पर जरूरी जानकारी मिल जाएगी, जैसे कि आवेदन कैसे करना है, इसके लिए नियम क्या हैं और बाकी सवालों के जवाब। छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में स्टेशन ऑफिसर, फायरमैन, ड्राइवर, मैकेनिक, ऑपरेटर आदि के 295 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। फायरमैन के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं, स्टेशन ऑफिसर के लिए बीएससी या बीई तथा अन्य पदों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं।




### इंडियन नेवी में 1110 पदों पर भर्ती

भारतीय नौसेना ने नेवल सिविलियन ग्रुप बी और ग्रुप सी के 1110 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य उम्मीदवार 18 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पदों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता में नर्सिंग डिग्री, फार्मेसी डिप्लोमा, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी या 10वीं के साथ संबंधित डिप्लोमा/डिग्री मांगी गई है। रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एमएससी केमिस्ट्री की 13 पेमेंट सीटें खाली हैं। इनमें प्रवेश के लिए 11 जुलाई को दस्तावेज सत्यापन और काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। वे छात्र जो प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हैं, उपस्थित हो सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्रामीण छात्र-छात्राओं को मिली तकनीक



**रायपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 7 से 11 जुलाई तक टेक्नोलॉजी विलेज सेंटर ग्राम सिर्री जिला धमतरी में हैंड्सऑन ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नया रायपुर और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को तकनीकी कौशल से जोड़ना और उन्हें आधुनिक विज्ञान की दिशा में प्रेरित करना रहा। प्रोफेसर ओपी व्यास के दूरदर्शी नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नया रायपुर ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, जहां स्वदेशी डिजाइन और निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रोफेसर व्यास संस्थान को उत्कृष्टता का ऐसा केंद्र बनाना चाहते हैं, जहां अनुसंधान, उद्योग से सहयोग,



और छात्रों की व्यावहारिक नवाचार क्षमता मिलकर भारत के हवाई भविष्य को आकार दें। इस कार्यशाला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। छात्रों ने ड्रोन के घटकों, संचालन, कोडिंग और उपयोग पर आधारित व्यावहारिक गतिविधियों में रुचि दिखाई। छात्रों से प्राप्त फीडबैक अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। डॉ. महेंद्र कुमार चंद्रवंशी, वैज्ञानिक डी, प्रभाग टेक्नोलॉजी विलेज, सीजीसीओएसटी ने छात्रों को वर्तमान तकनीकों से अपडेट रहने और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण युवाओं के लिए ऐसे कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया।

### एक्सपर्ट्स ने बताईं ड्रोन तकनीक की बारीकियां

*कार्यशाला के संयोजक डॉ. श्रीविशाल त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर ने छात्रों को ड्रोन के मूल सिद्धांतों, कार्य सिद्धांतों, उड़ान तंत्र और वास्तविक दुनिया में इसके उभरते अनुप्रयोगों से परिचित कराया। इसके अलावा ड्रोन डिजाइन पर एक व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किया गया, जहां छात्रों ने समूहों में ड्रोन डिजाइन में भाग लिया। सह-संयोजक डॉ. शैलेश खापरे, सहायक प्राध्यापक, अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नया रायपुर ने जीनक्स, पाईथॉन प्रोग्रामिंग और रसप्बेरी पीआई का परिचय देते हुए छात्रों को बुद्धिमान ड्रोन बनाने की दिशा में प्रेरित किया। कार्यशाला के संचालन में उपेंद्र अग्रवाल, गौरव शर्मा एवं पूर्णेंद्र ध्रुव ने सहयोग दिया। विशेष रूप से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार साहू एवं शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने छात्रों को अपनी कक्षाओं के समय से कार्यशाला में भाग लेने की अनुमति दी और स्वयं अतिरिक्त कक्षाएं लेकर नियमित पठन-पाठन की पूर्ति सुनिश्चित की। यह शिक्षकों की तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

# महिलाओं ने सजाया एग्जीबिशन, ड्रेस मटेरियल-हैंडमेड प्रोडक्ट के भी स्टाल

**रायपुर।** साज-श्रृंगार के साथ ही आस्था के लिए पवित्र माने जाने वाले सावन का आगाज होने से उत्सव का माहौल बनने लगा है। महिलाओं को आर्थिक समृद्धि से जोड़ने के लिए गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में एग्जीबिशन और मेले की श्रृंखला सजी है। इसमें विविध तरह के स्टाल भी महिलाओं ने सजाए हैं। सावन स्पेशल ड्रेसेस, व्रत करने वालों के लिए फलाहार, होममेड नाश्ता, आर्टिफिशियल पौधे, ज्वेलरी, कपड़े, पूजा सामग्री, हैंडमेड डेकोर, फूड स्टॉल भी शामिल हैं। एग्जीबिशन की खास बात ये है कि हर स्टॉल पर कुछ नया और अनोखा आने वाली महिलाओं को देखने को मिला। एग्जीबिशन के बारे में शिवानी केडिया ने बताया कि सभी स्टॉल महिलाओं ने लगाए हैं, ताकि उन्हें कमाई का एक अवसर भी मिले। एग्जीबिशन में पहले दिन ही भीड़ देखने को मिली।



### रंगबिरंगी साड़ियों की श्रृंखला

सावन को देखते हुए व्रत करने वालों के लिए फलाहार में भाखर बड़ी, केले के स्टिक, आम पापड़ और चकली जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। स्टॉल की संचालक ने बताया कि यह सभी प्रोडक्ट घर में बनाए गए हैं। इससे इनका स्वाद और भी खास हो जाता है। उन्होंने बताया कि इनकी कीमत 50 से 250 रुपए तक है। घर सजाने के लिए हैंडमेड तोरण, मंत्र फ्रेम, सजी हुई पूजा की थाली है। इनकी कीमत 100 से 1000 रुपए तक है। कई स्टॉल में महिलाओं के लिए रंगबिरंगी साड़ियों की श्रृंखला सजी हुई है। इनकी कीमत 500 से 5000 रुपए होने से महिलाएं खरीदने में भी रुचि ले रही हैं।

### महिलाओं ने सजाया महिलाओं के लिए स्टॉल

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं ने कला और हुनर का बखूबी प्रदर्शन किया। मेला न केवल व्यापारिक, बल्कि कला और संस्कृति के लिहाज से भी चर्चा का केंद्र है। स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देने का एक बेहतरीन माध्यम महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट बने हुए हैं। एग्जीबिशन में सावन के लिए स्पेशल ड्रेसेस काफी स्टॉल में देखने को मिलीं। इससे खरीदी के लिए आने वाली महिलाओं को कई विकल्प भी मिल रहे हैं। हर स्टॉल में कुछ नया देखने को मिल रहा है। युवतियों के लिए हैंडलूम कुर्ती, फ्रॉक और सुंदर मैचिंग एसेसरीज 400 से 2000 रुपए की रेंज तक मिल रही है।

# विद्यार्थी परिषद ने अनुशासन बनाए रखने और विद्यालय हित में कार्य करने ली शपथ

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थी परिषद का गठन कर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शैसे और बैचेस प्रदान किया। सभी ने अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यालय हित में कार्य करने की शपथ ली। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि विद्यालय मेरा या शिक्षकों का नहीं अभी तो यह छात्र-छात्राओं का है। इस अवसर पर विद्यालय कप्तान अनमोल देवांगन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं में अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यालय हित में कार्य करने की शपथ ली।



***विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका :*** *हम आते हैं और चले जाते हैं। हमारे स्थानांतरण की एक प्रक्रिया है। बच्चे परमानेंट हैं और जो बच्चा कक्षा एक में प्रवेश लेता है वह कक्षा 12वीं तक 12 वर्ष अपने जीवन के महत्वपूर्ण विद्यालय में बीताता है। विद्यार्थी परिषद के गठन का उद्देश्य यही है की विद्यालय के हित में छात्र फैसले लेने जिम्मेदार बने। विद्यालय को सुरक्षित और अनुशासित रखने के लिए विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब भी आपको लगे कि गलत हो रहा है कुछ बेहतर होना चाहिए आप अपने सुझाव हमें जरूर बताएं कि हम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करें। 21वीं सदी का भविष्य आप ही हैं।*

राजधानी के प्रमुख राधाकृष्ण मंदिरों में उत्साह से पहुंचे लोग, विधि-विधान से की सजावट

# हिंडोला पर विराजे ठाकुरजी, श्रीकृष्ण मंदिर में महोत्सव के पहले दिन भक्तिमय माहौल

कार्नर न्यूज



शहर के श्रीकृष्ण मंदिरों में अब रौनक बढ़ने लगी है। हिंडोला उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। शनिवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में तैयारी करती नजर आई। इस अवसर पर सदर बाजार के गोपाल मंदिर, बुढ़ापारा में गिरिराज मंदिर और गोकुलचंद्रा मंदिर में विशेष सजावट की गई है।

**रायपुर।** मंदिर प्रांगण को रंगबिरंगे फूलों, बंदनवार और लाल रंग के पर्दों से सजाया गया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण को लाल रंग के झूले में विराजमान करते हुए भक्तों ने सोलह श्रृंगार में दर्शन करने का अवसर प्राप्त किया। देर शाम मंदिरों में ढोल, मंजीरे और शंख की गूंज के बीच श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नजर आए। इस मौके पर सभी श्रीकृष्ण के ग्वाल और सखी बनकर पहले दिन महोत्सव का हिस्सा बने।





### गोपाल मंदिर में हिंडोला उत्सव

*गोपाल मंदिर में श्रीकृष्ण के चल विग्रह को गर्भगृह से बाहर लाया गया। जैसे ही ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में विराजे, पूरा परिसर 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। हरियाली अमावस्या से विशेष रूप से भव्य हिंडोला तैयार किया जाएगा, जिसमें रोजाना विभिन्न वस्तुओं से झूले की सजावट की जाएगी। पहले दिन का हिंडोला गहरे लाल रंग से सजाया गया, जिसे अनुराग का प्रतीक माना जाता है। यह रंग ठाकुरजी और भक्तों के गहरे आध्यात्मिक संबंध को दर्शाता है। इस अवसर पर पारंपरिक लोक छवियों से सजाया गया, जिसमें ग्वाल-ग्वालिन, सखियां, हाथी, मोर और राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया।*

### भक्तों को दर्शन का मिला अवसर

मंदिर समिति के मेंबर्स ने बताया कि हिंडोला उत्सव श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक प्रतिदिन अलग-अलग सजावट और झूले की थीम के साथ मनाया जाएगा। हर दिन ठाकुरजी को नए और खास वस्त्र, आभूषण और झूले की श्रृंखला से जोड़ने की पहल होगी। शाम 7 बजे पहले दिन सैकड़ों भक्तों को दर्शन करने का अवसर मिला। बुढ़ापारा में गोकुलचंद्रा मंदिर भी हिंडोला उत्सव से गुलजार रहा। श्रद्धालुओं को शाम 5.30 बजे श्रीकृष्ण के विशेष दर्शन प्राप्त हुए। सुरंग झूले में ठाकुरजी की मोहिनी मूरत को देखने में लीन रहे। परिसर को वृंदावन और बनारस की तर्ज पर भव्य रूप दिया था। आने वाले दिनों में झूले को सब्जी, मेवा, फलों और फूलों जैसी पारंपरिक सामग्री से 32 दिन सजाया जाएगा।

**सिटी इवेंट**

# रोटरी का 70वां स्थापना दिवस उत्तम बने अध्यक्ष, राकेश सचिव



**रायपुर।** वृंदावन हॉल में रोटरी क्लब रायपुर का 70वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रोटरी डिस्ट्रिक गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल ने रोटरी क्लब रायपुर के 70वें अध्यक्ष रोटे. उत्तम गर्ग, उपाध्यक्ष नवीन आहूजा, सचिव डॉ. राकेश पांडे, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत सहित 6 डायरेक्टरों को एक साथ शपथ दिलाई। अध्यक्ष रोटे. उत्तम गर्ग ने अपने आगामी एक वर्ष के कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता समाज के जरूरतमंद लोगों तक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा पहुंचाना है। वहीं शालेय स्तर से ही छात्रों को रोटरी के इंटरेक्ट और रोटरेक्ट क्लब के सदस्य बनाकर भविष्य के कर्मठ रोटेरियन बनाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। हम इस वर्ष पांच-पांच इंटरेक्ट और रोटरेक्ट क्लब खोलने जा रहे हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में दस नए सदस्यों को भी सदस्यता प्रदान की गई। रोटरी सहायक प्रांतपाल विनय अग्रवाल ने कहा कि हमें ऐसे कार्य करने चाहिए, जो स्थायी और दूसरों के लिए उपयोगी हों।

### क्लब कैलेंडर के अनुरूप बनेगी कार्ययोजना


सचिव डॉ. राकेश पांडे ने आभार वक्तव्य देते हुए प्रांतपाल को आश्वस्त किया कि हम टीम अमित के सदस्य हैं और क्लब कैलेंडर के अनुसार काम कर छत्तीसगढ़ के इस सबसे प्राचीन क्लब को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज शेखर रावसाहेब अमीन रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीता लाल ने किया। इस अवसर पर रायपुर के सभी रोटरी क्लब से रोटेरियंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाए रखने में भरत डागा, नवीन आहूजा, विकास अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया।


**रंग मंदिर में 'अग्रगामी' नाट्य संस्था ने किया नया प्रयोग, दर्शकों को मिला माहौल**

# किराए का मकान लेने बुना ताना-बाना, बन गया 'तिल का ताड़', ठहाकों के बीच व्यवस्था पर चोट

'' किराए का मकान मिल जाएगा क्या, इसके लिए सोचने की जरूरत नहीं है। शादी हो गई है या कुंवारे हो, इस जानकारी से प्राणनाथ का कई मोहल्ले और दरवाजे पर ही मकान मालिकों का सामना हुआ। हर बार कुंवारा होने की वजह से उसे मकान नहीं मिलता था। तब उसने झूठ का एक ऐसा ताना-बाना बुना कि मंच के सामने बैठे दर्शकों के सामने तिल का ताड़ बनता चला गया। नाट्य मंचन से कलाकारों ने शहर में किराए का मकान देने को लेकर बनाई गई व्यवस्था पर भी चोट किया।''

**रायपुर।** अग्रगामी की नाट्य प्रस्तुति ने शहर के रंगप्रेमियों को एक बेहतर माहौल देने के लिए गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर के मंच पर तिल का ताड़ नाटक का मंचन किया। इसके लेखक डॉ. शंकर शेष, जलील रिजवी निर्देशन एवं परिकल्पना से सजे इस नाट्य मंचन को युवा कलाकारों ने बेहतरीन अंदाज में संवादों से भी उस माहौल में पहुंचाने का प्रयास किया, जहां किराए के मकान की तलाश में भटकने वाले प्राणनाथ को कुंवारा होने की वजह से मकान नहीं मिलता है। धन्नामल मकान देने के लिए तैयार तो होते हैं, लेकिन उनकी भी शर्त होती है कि फैमिली के साथ रहो। इसी बीच प्राणनाथ को पतितपावन नाम का दोस्त भी मिलता है, जो उसकी मदद करता है। पैसे देने के बाद भी नौकरी के लिए गांव से शहर आया सीधा-सच्चा प्राणनाथ कॉलोनी कल्चर में उलझ जाता है।





### इन किरदारों को कलाकारों ने किया जीवंत

*नाटक की संयोजिका नूतन जलील रिजवी ने मंच पर किरदारों का परिचय कराते हुए प्राणनाथ (शेखर शुक्ला) धन्नामल (तरूण ठाकुर) मकान मालिक, मंजू (वीणा पंडवार) ने नौकरी के लिए गांव से आई लड़की की अहम भूमिका निभाई। पतितपावन-सूर्या सोनी, ब्रह्मचारी-रक्षित वाहने, गया प्रसाद-प्रकाश खांडेकर, बनारसीदास के रूप में बलवंत सिंह खन्ना और अजय के किरदार को देवेन पंडवार ने बखूबी निभाया। नाट्य प्रस्तुति को संगीत समीर रिजवी, प्रकाश सज्जा लोकेश साहू, नितिश यादव ने, मंच सज्जा प्रकाश खांडेकर, सौम्या रिजवी ने रूप सज्जा, दिनेश धनगर ने वेशभूषा से अग्रगामी की पहल को सजाने में अहम भूमिका निभाई।*







### गुंडों से बचाया और बता दिया पत्नी

प्राणनाथ एक बार शहर में गुंडों की छींटाकशी का शिकार हो रही नौकरी की तलाश में आई मंजू देवी को बचाता है। बात करने पर पता चलता है कि उसे भी शहर में मकान नहीं मिल रहा है। अंत में दोनों ने ही मकान मालिक के सामने पति-पत्नी होने का नाटक किया। इससे पर्दा हटाने के लिए कॉलोनी के लोगों में ब्रह्मचारी भी सक्रिय होता है। संदेह के आधार पर कई बार कटाक्ष से हंसी-ठिठोली का माहौल दर्शकों के बीच बना, लेकिन पर्दा तो तब उठता है, जब मंजू देवी का मंगेतर गांव से शहर आता है। तब रिश्तों की कलई खुलती है। जहां लोगों को प्राणनाथ और उसका दोस्त बताते हैं कि किस कारण ऐसे हालात बने।

### संवादों के बीच दर्शक दीर्घा में गूंजे ठहाके

अग्रगामी के इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। जहां करीब डेढ़ घंटे का समय कैसे बीता, दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को इसकी भनक भी नहीं लगी। मंच संचालन करते हुए आचार्य रंजन मोडक और सहयोगी अल्का दुबे, गौरव दुबे, प्रमिला रात्रे ने सहयोग दिया। दर्शकों के बीच रंगकर्मी अनुराधा दुबे भी मौजूद थीं। मंच पर मकान मालिक और किराएदार के बीच जिस तरह से नोक-झोंक का माहौल बनता है, साथ ही खाने के समय मकान मालिक का रोज दस्तक देना प्राणनाथ के लिए जहां किसी सजा से कम नहीं था, वहीं उनके बीच होने वाले संवादों ने लोगों को ठहाके लगाने के लिए प्रेरित किया।

**सिटी लाइव**

# पानी की बूंद थीम पर किया आयोजन प्राकृतिक सुंदरता के साथ चित्र प्रदर्शनी



**रायपुर।** महाकोशल कला वीथिका में शनिवार को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान 'पानी की बूंद' थीम पर कलाकारों ने प्रदर्शनी तैयार की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैय्यद अजहर अली रहे, जिन्होंने तस्वीर की बारीकियों को समझा और कलाकारों के सराहनीय कार्य को सराहा। इस अवसर पर जल के महत्व को दर्शाते हुए रिमझिम वर्षा की फुहार, सावन के काले बादल, सावन की पहली बारिश में आनंदित होता युवक, बहते पानी में कागज की नाव के साथ खेलते बच्चे, गंगा नदी में स्नान करते साधु, पत्तों और फूलों पर पानी की बूंद का सौंदर्य, जलक्रीड़ा करती नायिका समेत प्राकृतिक सुंदरता को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

### तस्वीर में छिपी बचपन की यादें

प्रदर्शनी में 50 से अधिक कलाकारों के चित्र सजाए गए। इस दौरान बचपन की यादों को ताजा करने का वाला दृश्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें बच्चे कागज से नाव तैयार कर बारिश के पानी में खेलते नजर आए। संयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बरसात के जल का सही उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। सभी रचनाओं में जल ही जीवन का संदेश दिया गया है। प्रदर्शनी का समापन रविवार को होगा, वहीं सुबह 11 बजे से देर शाम तक दर्शकों के लिए महाकोशल परिसर में प्रदर्शनी जारी रहेगी।

# मनुष्य का जीवन पाना दुर्लभ, उससे कहीं ज्यादा कठिन है गुणों की प्राप्ति

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान शनिवार को परम पूज्यश्री हंसकीर्ति ने कहा कि मनुष्य का शरीर पाना बहुत ही दुर्लभ बात है, लेकिन उससे भी ज़्यादा कठिन है। अच्छे धर्म और सच्चे गुणों को पाना। जैसे चिंतामणि नाम का चमत्कारी रत्न मिलना बहुत मुश्किल होता है, वैसे ही इंसान के जीवन में अच्छे संस्कार और अच्छे गुण मिलना भी बहुत मुश्किल होता है। आजकल लोग बिना सोचे-समझे किसी के भी सामने झुक जाते हैं। अब सवाल उठता है कि झुकना सही है या गलत? असल बात यह है कि अगर आप अपने मन में विनम्रता रखते हुए किसी के सामने झुकते हैं तो यह कोई गलत बात नहीं है। यह दिखाता है कि आप सामने वाले को मान-सम्मान दे रहे हैं, लेकिन अगर आप किसी स्वार्थ या डर की वजह से हर किसी के सामने झुकते हैं तो यह ठीक नहीं है और अगर आप घमंड में रहेंगे और कभी किसी के सामने नहीं झुकेंगे तो एक दिन टूट जरूर जाएंगे। इसलिए समझदारी इसी में है कि जहां जरूरी हो, वहां झुकें, मगर बिना बात और अपने सम्मान को गिराकर नहीं।





### सरलता और समता से ही विकास संभव

*परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने शनिवार को टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन में सरलता और समता के गुण को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप जीवन में सरलता और समता को आधार बनाकर विकास कर पाएंगे। सरलता छूटने लगे तो बच्चे बन जाएं और समता छूटने लगे तो महावीर बन जाएं। छोटे से बड़े तक आपके समझ में यह बातें आ गईं तो वह आपके अंदर अध्यात्म उत्पन्न होगा। चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मनुष्य भव पाना बहुत कठिन है और इस भव को पाकर भी गंभीरता नहीं होती। सभी को इस भव में अपने जन्म की वैल्यू समझनी चाहिए। विकास के लिए जीवन में क्वालिटी डेवलप करना चाहिए। हमारा व्यवहार, विचार और दशा कैसी हो, जिससे हम पात्रता प्राप्त कर सकते हैं। मुनिश्री ने पहली क्वालिटी बताई कि जीवन में सरलता अपनाएं। जीवन में सरल बनिए, सरल बनने के बहुत फायदे हैं। जैसे बचपन जीवन का सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि वह सरल है। इसमें न राग है और न द्वेष होता है। सरल व्यक्ति अध्यात्म के लायक होता है। वह साधक बने न बने, ज्ञानी बन सकता है और जो ज्ञानी होता है, वह पूजनीय होता है।*

# तीज पर साड़ियों और लड्डू गोपाल की पोशाक की हुई खरीदारी

**रायपुर।** सावन की शुरुआत से ही महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं सावन की थीम पर पार्टी सेलिब्रेट करने से लेकर तीज की तैयारी में जुट गई है। राखी, जन्माष्टमी, तीजा सहित कई त्यौहारों में खरीददारी के लिए नेहरु नगर में एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। जहां महिलाओं के लिए घरेलू सजावट के सामान, गोपाल जी के वस्त्र आदि की सुदंर वैरायटी एक ही छत के नीचे मिल रही है। जिसे खरीदने दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं के स्टॉल में जमकर खरीददारी हुई। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर ईस्ट में दो दिवसीय आकर्षण एग्जिबिशन का आयोजन किया गया है।



### खूबसूरत सुसज्जित स्टॉल लगे हुए

*एग्जीबिशन में मुख्य अतिथि में डब्लू ई डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 की चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अनिता अग्रवाल उपस्थित हुईं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर के प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ये बहुत ही सराहनीय कदम है। एग्जीबिशन में कोलकाता, आगरा भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिल्हा, गोंदिया, बिलासपुर, राजनांदगांव, नागपुर आदि से महिला स्वावलंबी अपने सुन्दर सामानों के साथ स्टॉल लगाने के लिए आए हुए हैं। भगवान की सुंदर पोशाक, ज्वेलरी, पर्स, कुर्तियां, बेडशीट, कंफर्टर, साड़ियां, सुन्दर राखियां, किट्स, गिफ्ट आइटम, कलाकृतियां, बच्चों के खूबसूरत सामान, बड़ी, पापड़, सूखा नाश्ता, मुख वाश आदि वस्तुओं के खूबसूरत सुसज्जित स्टॉल लगे हुए हैं। आयोजन में लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट के सदस्य सभी व्यवस्थाओं का ध्यान रख रहे हैं। एग्जीबिशन में खरीददारी करने वालों का तांता लगा हुआ हैं। भिलाई ग्रेट के इवेंट की सभी सराहना कर रहे हैं।*

# रामकथा में पहले श्रोता हनुमान, भक्ति और श्रद्धा में विश्वास का होना जरूरी


**श्री रामकथा प्रचार समिति ने मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में किया आयोजन**



**रायपुर।** सावन में भगवान रामनाम संकीर्तन व रामकथा का आयोजन समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में शनिवार से शुरू हुआ। मानस मर्मज्ञ संत शंभूशरण लाटा महाराज ने श्रोताओं को रामकथा रूपी गंगा का रसपान करने का अवसर दिया। महाराज ने रामकथा को प्रसंग से जोड़ते हुए कहा कि धर्म के क्षेत्र में किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण शुद्ध होता है। इसमें रामकथा कहने और सुनने वालों को ही नहीं, कथा में साथ देने वालों को भी समान फल मिलता है। जहां भी राम की कथा होती है, वहां सबसे पहले हनुमानजी पहुंचते हैं। उनको निमंत्रण देने की जरूरत नहीं होती। भक्ति और श्रद्धा में विश्वास का होना बहुत जरूरी है।

### रायपुर में महाराज की 313वीं रामकथा

*श्री रामकथा प्रचार समिति के अरुण अग्रवाल और कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि संत शंभूशरण लाटा महाराज की छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा कथा हुई है। रायपुर जिले में ही भक्तों को ज्यादा कथा का श्रवण करने का भी सौभाग्य मिला। समता कॉलोनी के मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम में महाराज की 313वीं कथा हो रही है। भगवान रामकथा का स्वयं महादेव ने बखान किया था। सावन में रामकथा सुनने का अवसर मिलन भी सौभाग्य की बात है। कथा के पहले दिन नवल अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संदीप अग्रवाल और रमेश अग्रवाल श्रोता के रूप में उपस्थित थे।*



### कलयुग में रामनाम संकीर्तन ही सुख

कलयुग केवल नाम अधारा, इसमें केवल राम का नाम ही आधार है। इसको आत्मसात करके हम इस भवसागर से पार हो सकते हैं। इस प्रभाव से ही गणेशजी प्रथम पूज्य बने और भोलेनाथ ने भगवान राम का नाम लेकर हलाहल पिया। इसका मीराबाई भी प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसने भगवान के नाम को स्मरण करते हुए जहर पी लिया। कलयुग में रामकथा कल्पवृक्ष के समान है। इसके नीचे बैठकर राम की कथा का अमृतपान करने से मन को शांति और संतुष्टि मिलती है। माता पार्वती ने एक बार भगवान राम के नाम का जाप किया तो स्वयं शिव ने माता को अपना आधा अंग प्रदान किया और अर्धनारीश्वर कहलाए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### ट्रायल जारी, अंडर-14 के 214 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए सभी वर्गों के ट्रायल 11 जुलाई से शुरू कर दिए है। इसके पहले एक जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया। इसके उपरांत वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल शुरू हो गया है। दूसरे दिन शनिवार को आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर 14 वर्ग के लगभग 214 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। आज के ट्रायल को 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8 l30 बजे से प्रांरभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रांरभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 14 जुलाई को अंडर 16 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल जारी रहेगा, जो 3 स्लॉट में होगा।

### जिला मानसून टेटे सुपर लीग में रोमांचक दौर



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से तीन दिवसीय जिला मानसून लीग सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल आयोजित की गई। संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि अभी तक के मुकाबले में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर), बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल वर्ग संपन्न हुए । सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप ए) ग्रुप से अर्जुन मल्होत्रा एवं कल्पेश जादवानी ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप बी) ग्रुप से प्रणय चौहान एवं आर्यन सिंह ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप सी) ग्रुप से अरिंदम देबनाथ एवं सिद्धा धूपर ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप डी) ग्रुप से एम रविराज एवं लोकेश जांगड़े ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर महिला वर्ग सुपर लीग में समाया पांडे, आरना खोटेले, लावण्या पांडे आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर--17 (जूनियर) बालक वर्ग सुपर लीग में अर्जुन मल्होत्रा, सिद्धा धूपर, श्रेष्ठ मिश्रा आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग सुपर लीग में समाया पांडे, वेदी कछवाहा, आश्मी अग्निहोत्री और लावण्या पांडे आगे चल रहे हैं। कैडेट बालक (अंडर-13) वर्ग सुपर लीग में अभिनव पीटर, नीरव तिवारी, राघव अग्निहोत्री, मोक्ष वर्मा आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक, यूथ अंडर- 13 (कैडेट) बालक, सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित और पीएन मजूमदार हैं।

### एशियन पिक्लबॉल में राजधानी के दो खिलाड़ी



**रायपुर।** एशियन जूनियर पिक्लबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि वियतनाम में 11 से 15 जुलाई तक यह स्पर्धा आयोजित है। छत्तीसगढ़ के जूनियर स्टेट चैम्पीयन आरिश आगा चौबे एवं संस्कृति तायल पानीपत नेशनल में अंडर 16 लड़कियों के वर्ग में ब्रॉंज मेडल जीत चुकी है। दोनों ही खिलाड़ी ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के पश्चात वियतनाम के लिये रवाना हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों को किट प्रदान करते हुए आईपा प्रेसिडेंट अरविन्द सुरेश प्रभु (दादा) ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनायें दी।

### राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए चार जिलों में ट्रायल आज



**रायपुर।** राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के लिए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ टीम (पुरुष और महिला) के ट्रायल व प्रशिक्षण शिविर 13 जुलाई रविवार को प्रदेश के चार जिलों में आयोजित किए गए हैं। जिसमें दुर्ग, रायपुर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा में शाम 05:30 बजे यह ट्रायल होगा। खिलाड़ियों को अपना मूल आधार कार्ड साथ लाना होगा तथा उनके पास एनएफआई पंजीकरण संख्या होनी चाहिए। यह सारी देते हुए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल, हरियाणा में चौथी फास्ट-5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 28 से 31 अगस्त तक और द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय मिश्रित नेटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) 28 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

#### बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की सेहत पर पड़ता है असर

# दिनचर्या की इन गलतियों की वजह से बढ़ जाता है आर्थराइटिस का खतरा, बरतें ये सावधानियां

अक्सर कुछ लोगों कम उम्र में ही आर्थराइटिस की शिकायत हो जाती है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में से एक प्रमुख कारण है हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें। आइए इस लेख में जानते हैं दिनचर्या की किन गलतियों की से अर्थराइटिस की शिकायत होती है। आर्थराइटिस यानी जोड़ों का दर्द, सूजन और अकड़न, यह एक ऐसी समस्या है जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होती है। लेकिन आजकल युवाओं में भी दिनचर्या की कुछ गलत आदतों की वजह से आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ रहा है। हमारा गलत खानपान, गतिहीन जीवनशैली और कुछ अनुचित आदतें सीधे तौर पर आर्थराइटिस के खतरे को बढ़ा देती हैं। ये आदतें हमारे जोड़ों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं और उन्हें कमजोर करती हैं।



खासकर, मानसून के मौसम में नमी और बदलते मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और भी ज्यादा परेशान करने लगता है। अच्छी बात यह है कि यदि हम समय रहते कुछ सावधानियां बरतें और अपनी दिनचर्या में जरूरी बदलाव लाएं, तो इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आम गलतियों और जरूरी सावधानियों के बारे में जानते हैं, जिससे शरीर में आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे पहले गलतियों के बारे में जानते हैं।

### गलतियां - गतिहीनता और खराब मुद्रा

दिनचर्या में लंबे समय तक बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली आर्थराइटिस का प्रमुख कारण है। ऑफिस में घंटों गलत मुद्रा में बैठने से जोड़ों और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे रीढ़, घुटने और कूल्हों में अकड़न बढ़ती है। गलत तरीके से वजन उठाना या बार-बार झुकने से जोड़ों की कार्टिलेज घिस सकती है, जो ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण बनता है। इसके अलावा, व्यायाम की कमी से जोड़ों का लचीलापन कम होता है, जिससे दर्द और सूजन का खतरा बढ़ता है।



### असंतुलित आहार

असंतुलित आहार भी आर्थराइटिस के प्रमुख कारणों में से एक है। विटामिन D, कैल्शियम और ओमेगा-3 की कमी जोड़ों को कमजोर करती है। तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त खाद्य पदार्थ रूमेटॉइड आर्थराइटिस को ट्रिगर कर सकता है।

### मोटापा

इसके अलावा मोटापा भी एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि अतिरिक्त वजन घुटनों और कूल्हों पर दबाव डालता है, जिससे कार्टिलेज तेजी से घिसता है। इसलिए अपने वजन का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।

### सावधानियां-सक्रिय जीवनशैली और व्यायाम

आर्थराइटिस के जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। रोजाना 30 मिनट का हल्का व्यायाम, जैसे टहलना, योग, या स्ट्रेचिंग, जोड़ों को लचीला रखता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। स्विमिंग और साइकिलिंग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम जोड़ों पर दबाव डाले बिना उनकी गतिशीलता बढ़ाते हैं। सही मुद्रा में बैठें और भारी वजन उठाते समय सावधानी बरतें। नियमित रूप से पेल्विक फ्लोर और कोर स्ट्रेंथ एक्सरसाइज करें।

### आहार और चिकित्सीय सलाह

आहार में एंटी-इन्फ्लेमेटरी खाद्य पदार्थ जैसे हल्दी, अदरक, ओमेगा-3 युक्त मछली, नट्स, और हरी सब्जियां शामिल करें। विटामिन D के लिए धूप लें और कैल्शियम युक्त दूध, दही खाएं। वजन नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार अपनाएं और प्रोसेस्ड फूड से बचें। अगर जोड़ों में दर्द, सूजन या अकड़न लंबे समय तक बनी रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



## रहना चाहते हैं फिट और हेल्दी तो अपनाएं इन्हें



रात का भोजन दिनभर के खानपान का अहम हिस्सा होता है। इसका आपके शरीर पर गहरा असर पड़ता है। रात को सही आहार खाना आपकी सेहत को बनाए रखने और नींद में सुधार लाने में मदद कर सकता है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो रात के खाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### सूप

हरी सब्जियों और दाल से बना सूप शरीर को हल्का रखता है और पर्याप्त पोषण देने का काम करता है। यह पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है और वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

### सलाद

ताजे फल और सब्जियों का सलाद, जैसे खीरा, टमाटर, गाजर, और पत्तेदार साग, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। सलाद हल्का और पचने में आसान होता है।

### दही

दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पाचन तंत्र को सही रखते हैं। आप इसे फल या शहद के साथ खा सकते हैं।

### दलिया

ओट्स फाइबर और प्रोटीन के लिए एक बेहतरीन सोर्स होते हैं। आप इसे दूध के साथ खा सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार फल डाल सकते हैं।

### अंडे

अंडे प्रोटीन और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत हैं। आप उबले अंडे या ओमेलेट बना सकते हैं, जो हल्के और स्वादिष्ट होते हैं।

### कद्दू के बीज और नट्स

कद्दू के बीज और नट्स जिंक, आयरन और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो रात में शरीर की रिकवरी में मदद करते हैं। कुछ नट्स जैसे बादाम या अखरोट भी खाने के लिए अच्छे होते हैं।

### पकी हुई सब्जियां

हल्की पकी हुई सब्जियां जैसे ब्रोकोली, शिमला मिर्च, या लौकी आदि पचने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।


### चिया सीड्स

चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर से भरपूर होते हैं। आप इन्हें दूध या योगर्ट में मिला सकते हैं।

### स्मूदी

स्मूदी एक हल्की और पौष्टिक स्मूदी, जिसमें फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, और प्रोटीन पाउडर हो, रात के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है।

## बिजनेस में तरक्की के लिए अपनाएं वास्तु उपाय, मिलेगी सही दिशाएं



हमारे घर से लेकर वर्कप्लेस तक के लिए कई ऐसे वास्तु नियमों के बारे में बात की जाती है जो जीवन में आपको उन्नति दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें ऐसी ही कुछ वास्तु की टिप्स के बारे में जो आपके बिजनेस में तरक्की का कारण बन सकते हैं।

वास्तु शास्त्र आपके व्यवसाय में सफलता और वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइए यहां जानें कुछ ऐसे वास्तु टिप्स जो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और आपको जल्द ही मुनाफा होने लगेगा-

अगर आप बिजनेस में ग्रोथ के बारे में सोच रही हैं तो आपको बिजनेस की सही दिशा चुननी चाहिए। उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशाएं किसी भी व्यवसाय की वृद्धि के लिए शुभ मानी जाती हैं।

अपने वर्कप्लेस को दक्षिण-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व में रखने से बचें, क्योंकि ये दिशाएं आर्थिक हानि का कारण बन सकती हैं। वास्तु के अनुसार वर्कप्लेस पर बैठने के लिए सबसे अच्छी दिशा चुननी जरूरी है। वर्कप्लेस में प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए आपको और बिजनेस से जुड़े उच्च अधिकारियों को उत्तर या पूर्व की ओर मुख करके बैठना चाहिए। सभी एम्प्लोयी को ऐसे बैठना चाहिए कि उनकी पीठ मुख्य द्वार की ओर न हो।

किसी भी ऑफिस या दुकान का मुख्य द्वार आदर्श रूप से उत्तर, उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।किसी भी रूप में आप दक्षिण-मुखी प्रवेश द्वार से बचें, क्योंकि इससे व्यवसाय में संघर्ष और वित्तीय नुकसान हो सकता है। धन वृद्धि के लिए कैश काउंटर और लॉकर की स्थिति भी वास्तु अनुसार होनी चाहिए। धन को आकर्षित करने के लिए कैश काउंटर हमेशा उत्तर दिशा में होना चाहिए। ऑफिस के लॉकर या तिजोरी को उत्तर की ओर मुंह करके दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।



## भरी बरसात में भी आपके शरीर में हो सकती है पानी की कमी

बहुत से लोगों को लगता है कि शरीर में पानी की कमी सिर्फ गर्मी के मौसम में ही हो सकती है, लेकिन ये पूरा सच नहीं है। किसी भी मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में जानते हैं कि शरीर में पानी की कमी होने पर क्या लक्षण दिखते हैं। हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70%, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश



भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

### डिहाइड्रेशन के लक्षण

डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है।

### डिहाइड्रेशन के कारण

डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण पर्याप्त पानी न पीना है, खासकर गर्मी या मानसून में जब पसीना अधिक निकलता है। दस्त, उल्टी या बुखार के दौरान शरीर से तरल पदार्थ तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक शराब या कैफीन का सेवन भी मूत्रवर्धक प्रभाव के कारण पानी की कमी हो सकती है। डायबिटीज या किडनी रोग वाले मरीजों में बार-बार पेशाब के कारण डिहाइड्रेशन होने की आशंका अधिक होती है।

### बचाव के उपाय

डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी पीएं। गर्मी या व्यायाम के दौरान हर 20-30 मिनट में पानी जरूर पिएं। दस्त या उल्टी के दौरान ओआरएस या नमक-चीनी का घोल शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है। फल जैसे तरबूज, संतरा और नारियल पानी हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। कैफीनयुक्त पेय और शराब से बचें। हल्के, ढीले कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलते समय छाता या टोपी का उपयोग करें। डिहाइड्रेशन एक ऐसी स्थिति है, जिसे सही समय पर उपाय करके रोका जा सकता है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### ब्रैड की दीवानगी का आलम, शेफाली बोली- 'कहने को मेरे पास शब्द नहीं...'



बॉलीवुड एक्ट्रेस शेफाली शाह अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की तारीफों के पुल बांधती दिखीं। आखिर क्यों इस हॉलीवुड एक्टर की दीवानी हो गईं शेफाली शाह? जानिए।

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म 'एफ1' नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए।' शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन यह फलताओं और असफलता के बारे में है। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है।' फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं।' ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

## टॉलीवुड

### 'कुबेर' की ओटीटी रिलीज तय, जल्द रंग जमाएगी धनुष-रश्मिका-नागार्जुन की फिल्म



धनुष की सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'कुबेर' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर कदम बढ़ाया है। आज कुबेर के निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा की है।

शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुबेर' 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म अपनी बेहतरीन कहानी और स्टार्स के शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। अब फिल्म 'कुबेर' ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। जानिए 'कुबेर' को कब और कहां देख सकेंगे।

सिनेमाघरों में रिलीज के चार हफ्ते बाद, 'कुबेर' 18 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में उपलब्ध होगी, ताकि पूरे भारत के दर्शक इसे देख सकें। इस आधिकारिक घोषणा के बाद धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के प्रशंसक बेहद खुश हैं। आज प्राइम वीडियो ने फिल्म कुबेर का एक पोस्टर शेयर किया। फिल्म 'कुबेर' में धनुष के साथ नागार्जुन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, सयाजी शिंदे, जिम सर्भ, सुनैना, दलीप ताहिल, हरीश पेराडी और श्रावणी जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आए। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

## भोजपुरी

### कांवड़ यात्रा पर निकले पवन 'हरियर चूड़िया खातिर' में बने शिव भक्त



भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने सावन से पहले 'हरियर चूड़िया खातिर' कांवड़ भजन रिलीज किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में पवन सिंह शिव भक्त के रूप में कांवड़ यात्रा पर हैं, जिसमें नम्रता सिंह उनकी पत्नी के किरदार में हैं।

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने सावन से ठीक पहले अपना नया कांवड़ भजन गीत 'हरियर चूड़िया खातिर' रिलीज किया है। यह गाना 9 जुलाई को भोजपुरी चैनल पर आया और कुछ ही घंटों में दर्शकों का ध्यान खींच लिया। सावन से ठीक पहले पवन सिंह ने अपने फैंस के लिए ये गाना रिलीज किया है। जो सबको बहुत पसंद आ रहा है। इस वीडियो में पवन सिंह शिव भक्त बने हैं, जो कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। वहीं नम्रता सिंह उनकी ऑनस्क्रीन पत्नी बनकर भावुकता जोड़ती हैं, जहां वे उनसे माफी मांगते दिखते हैं। इस दौरान गायिका शिल्पी राज की आवाज ने गीत को और भी खुबसूरत बना दिया है। रिलीज होते ही इस गाने को 1.7 मिलियन से भी अधिक बार देखा गया। सोशल मीडिया पर इस पर कई कमेंट्स आ रहे हैं, जहां कई लोगों ने लिखा- सावन आने में 5 दिन बाकी थे लेकिन आज लग रहा है सावन शुरू हो गया है। इतना ही नहीं, इसके लगभग 79 हजार लाइक्स भी मिल चुके हैं। 'हरियर चूड़िया खातिर' सावन माह की भक्ति और पारिवारिक रिश्तों को एक साथ पिरोता है। प्रियांशु सिंह ने इसका संगीत दिया है, जबकि ये वीडियो विभांशु तिवारी ने डायरेक्ट किया है। चूंकि सावन महीने में कांवड़ गीतों की मांग बढ़ जाती है, यह गाना भक्तों और दर्शकों में उत्साह भर रहा है। पवन सिंह एक बार फिर से अपने पुराने अंदाज में वापस आ गए हैं।




"फ़ैशन महीने के एक और पड़ाव के साथ लंदन फ़ैशन वीक अभी-अभी समाप्त हुआ है। इस बार बारिश को ध्यान में रखते हुए कुछ मशहूर डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश कि। मॉडल क्रिस्टोफर बेली सहित अन्य लोगों ने बारिश के फैशन को अच्छी तरह परिभाषित किया। दर्शकों के लिए नए ढंग के रेनकोट देखना एक अलग अनुभव था।

# फेस सीरम के फायदे ही नहीं, हैं कुछ नुकसान भी

क्या आप जानते हैं कि जहां फेस सीरम के कई फायदे हैं, वहीं गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर यह आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है? आइए जानते हैं फेस सीरम के फायदे, नुकसान और सही इस्तेमाल का तरीका।

फेस सीरम ऐसा स्किन केयर प्रोडक्ट है जो त्वचा को गहराई तक पोषण और नमी प्रदान करना है। फेस सीरम त्वचा की कई परेशानियों को आसानी से खत्म कर देता है। इसके नियमित उपयोग से त्वचा का टेक्सचर बेहतर होता है, जिससे यह मुलायम और स्वस्थ दिखाई देती है। आजकल फेस सीरम स्किनकेयर का अहम हिस्सा बन गया है। चाहे त्वचा में निखार पाना हो या फिर एंटी एजिंग ट्रीटमेंट चाहिए हो, हर कोई फेस सीरम का इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जहां फेस सीरम के कई फायदे हैं, वहीं गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर यह आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है? आइए जानते हैं फेस सीरम के फायदे, नुकसान और सही इस्तेमाल का तरीका।

### फेस सीरम के फायदे

फेस सीरम त्वचा को गहराई से पोषण देता है। सीरम में मौजूद विटामिन सी, हायल्यूरोनिक एसिड और रेटिनॉल स्किन को गहराई से हाइड्रेट करते हैं इसमें एंटी-एजिंग के गुण होते हैं। ये चेहरे की झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करने में मदद करता है। फेस सीरम का इस्तेमाल स्किन टोन को बैलेंस करता है। दाग-धब्बे, मुहांसे और दाने व टैनिंग को कम करता है यह त्वचा स्मूद और ग्लोइंग बनाता है। फेस सीरम के रोजाना इस्तेमाल से स्किन का टेक्सचर बेहतर होता है।



### फेस सीरम से होने वाले नुकसान

इससे एलर्जी और जलन हो सकती है। संवेदनशील त्वचा पर रेटिनॉल या एसिड बेस्ड सीरम जलन और रैशेज पैदा कर सकता है। ओवर-एक्सफोलिएशन की समस्या भी हो सकती है। फेस सीरम के बार-बार इस्तेमाल से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है। कुछ सीरम, जैसे विटामिन सी और रेटिनॉल, सूरज की रोशनी में स्किन को ज्यादा संवेदनशील बना सकते हैं। फेस सीरम से एक्ने की समस्या हो सकती है। गलत सीरम चुनने से पोर्स क्लॉग हो सकते हैं और मुंहासे बढ़ सकते हैं।

### सीरम का सही इस्तेमाल कैसे करें?

फेस सीरम से मिलने वाले संपूर्ण फायदे लेने और नुकसान से बचने के लिए इसका सही तरीके से उपयोग करें।

# को-ऑर्ड सेट डिजाइंस से पाएं ऑफिस में परफेक्ट प्रोफेशनल



अगर आप ऑफिस में प्रोफेशनल और स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट स्टाइल करने के लिए बेस्ट आप्शन है, और इसमें आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। ऑफिस में किस तरह का आउटफिट स्टाइल करें, इसको लेकर महिलाएं काफी कन्फ्यूज रहती हैं। दरअसल, महिलाएं चाहती हैं कि वे जिस भी तरह का आउटफिट ऑफिस में स्टाइल करें, उसमें वे कम्फर्टेबल रहें, साथ ही, वे प्रोफेशनल और स्टाइलिश भी नजर आएं। वहीं, अगर आप भी ऐसा कुछ चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट ऑफिस में प्रोफेशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है, और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। ये को-ऑर्ड सेट ऑफिस में प्रोफेशनल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं, और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

### एम्बेलिश्ड वर्क को-ऑर्ड सेट



अगर आप ऑफिस के किसी इवेंट में शामिल हो रही हैं, तो फॉर्मल लुक पाने के लिए आप इस तरह के एम्बेलिश्ड वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स के साथ मिल जाएगा और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह आउटफिट आपको आसानी से मिल सकता है, जिन्हें आप 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट के साथ ब्लैक स्टाइलिश हील्स और पर्ल वर्क इयररिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट



अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है और इस आउटफिट में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। यह आउटफिट आपको सस्ती कीमत में मिल जाएगा, और यह आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों जगहों से 2,000 रुपये तक की कीमत में मिल सकता है।

# माथे पर खिलेगी ये बिंदिया, ऐसे करें डिजाइन

माथे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आप अलग-अलग तरह की बिंदी के डिजाइंस को पसंद करके इसे लगाएं। इससे आपका लुक ही बदल जाएगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी। आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के बिंदी डिजाइंस को आप लगा सकती हैं।

जब भी हम तैयार होते हैं, तो पूरा श्रृंगार करते हैं। इसी श्रृंगार में आती है बिंदी। जिसे माथे पर लगाने से लुक ही बदल जाता है। इसलिए ज्यादातर महिलाएं तैयार होने के बाद अपने माथे पर बिंदी जरूर लगाती हैं। बिंदी हर एक आउटफिट के साथ अच्छी लगती है। लेकिन इसे भी आप अपने माथे के हिसाब से लगाएं। इससे लुक ज्यादा अच्छा लगेगा। आर्टिकल में बताते हैं कैसे आप माथे के हिसाब से बिंदी को चूज कर सकते हैं।

### लंबी बिंदी

अगर आपका माथा चौड़ा है, तो ऐसे में आप लंबी बिंदी को लगा सकते हैं। इस तरह के माथे पर बिंदी लगने के बाद अच्छी लगती है। लंबी बिंदी में स्टोन वर्क और सिंपल डिजाइन वाली बिंदी भी मिल जाती है। इसे अपने आउटफिट के कलर के हिसाब से मैच करके माथे पर लगाएं। इसके बाद ही आपका पूरा लुक




कंप्लीट होगा। इस तरह की बिंदी आपको मार्केट में कॉस्मेटिक की दुकान पर आसानी से मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप अपने माथे की रौनक को बढ़ा सकती हैं।

### हाफ मून डिजाइन बिंदी

बिंदी में डिजाइन कई सारे मिलते हैं। लेकिन अच्छी वही लगती है, जो आपके माथे पर लगने के बाद सुंदर लगती है। ऐसे में आप इस बार त्योहारों पर हाफ मून डिजाइन वाली बिंदी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की बिंदी लगने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसे लगाने के बाद आपका फेस अलग लगने लगेगा। इस तरह की बिंदी को आप सिंपल डिजाइन में खरीदकर अपने माथे पर लगाएं।

# इस सावन पहनिए ऐसी बेहतरीन चूड़ियां, मिलेगी भरपूर तारीफ



जुलाई महीने से सावन का महीना शुरू हो रहा है। ऐसे में हम आपको चूड़ियों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप नयी तरह से कैरी कर सकती हैं।

सावन का महीना इस साल 11 जुलाई से शुरू हो चुका है। इस महीने में लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस महीने भोलेनाथ की पूजा की जाए और उनका प्रिय भोग उन्हें लगाया जाए तो इससे हर मनोकामना पूरी होती है। इसी क्रम में जान लें कि भगवान शिव का प्रिय रंग हरा है, ऐसे में इस महीने आप हरे रंग की चूड़ियां अपने हाथों में पहन सकती हैं। हरे रंग की चूड़ियों का कलेक्शन हम आपको दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी भगवान शिव की पूजा हरे रंग की चूड़ियां पहनकर कर सकें।

### पहली डिजाइन

हरे रंग की वेलवेट चूड़ियों के साथ आप चाहें तो ऐसे कुंदन वाल कड़े पहन सकते हैं। सिंपल सी चूड़ियों के साथ ऐसे हैवी कड़े देकने में अच्छे लगते हैं। हैवी कड़ों के साथ हल्के पर्ल वाले कंगन भी आप अपने इस लुक में एड कर सकते हैं, ताकि आपके हाथ खूबसूरत लगें।

### दूसरी डिजाइन

हरे रंग की कांच की ऐसी चूड़ियों के साथ आप गोल्डन कड़े कैरी कर सकती हैं। गोल्डन और हरे रंग का कॉम्बिनेशन देखने में कमाल का लगता है। यदि सिंपल साड़ी कैरी कर रही हैं तो उसके साथ इस तरह से चूड़ियों का सेट बनाकर पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

कार्नर न्यूज

## मेंस फैशन में स्किन केयर पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी

# बियर्ड रखने का है शौक तो फेसपैक बनाएं अलग

स्किन केयर सिर्फ महिलाओं का विषय नहीं है। हर पुरुष को भी अपने बिजी शेड्यूल में से कुछ वक्त निकालकर अपनी स्किन की देखरेख के बारे में सोचना चाहिए। जब हम स्किन केयर की बात करते हैं, तो पुरुषों के लिए बहुत कुछ नहीं बताया जाता। हालांकि अब समय बहुत बदल गया है। पुरुष भी इन दिनों अपनी स्किन की देखभाल करना पसंद करते हैं। पुरुषों के लिए अपने चेहरे और दाढ़ी की देखभाल करना एक मुश्किल काम होता है। गर्मियों के मौसम में ये काम थोड़ा और मुश्किल हो जाता है। इसलिए आज हम आपको लिए तीन ऐसे आसान फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको फ्रेश और प्रेजेंटेबल दिखने में मदद करेंगे।



### मुल्तानी मिट्टी

कॉफी आपकी स्किन के लिए काफी अच्छी होती है। इससे आपकी स्किन पर ग्लो आता है और यह आपकी स्किन को अंदर से एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन की खूबसूरती को बनाए रखती है और कील-मुहांसों को दूर करने में मदद करती है। इसके अलावा इसे आप स्क्रब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा कॉफी पाउडर ले लें और उसमें थोड़ा सा कोको पाउडर मिला लें। फिर इस मिश्रण में दूध मिलाकर एक अच्छा पैक तैयार कर लें। इस फेसपैक को स्किन पर अच्छी तरह से मसाज करते हुए लगाएं। पेस्ट सूखने के बाद इसे गीले वाइप से अच्छे से साफ करें और अपनी दाढ़ी को धो लें। इससे आपकी स्किन में भी ग्लो आता है और बियर्ड भी सही रहती है।

### कॉफी पैक

कॉफी आपकी स्किन के लिए काफी अच्छी होती है। इससे आपकी स्किन पर ग्लो आता है और यह आपकी स्किन को अंदर से एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन की खूबसूरती को बनाए रखती है और कील-मुहांसों को दूर करने में मदद करती है। इसके अलावा इसे आप स्क्रब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा कॉफी पाउडर ले लें और उसमें थोड़ा सा कोको



पाउडर मिला लें। फिर इस मिश्रण में दूध मिलाकर एक अच्छा पैक तैयार कर लें। इस फेसपैक को स्किन पर अच्छी तरह से मसाज करते हुए लगाएं। पेस्ट सूखने के बाद इसे गीले वाइप से अच्छे से साफ करें और अपनी दाढ़ी को धो लें। इससे आपकी स्किन में भी ग्लो आता है और बियर्ड भी सही रहती है।

### नींबू और शहद

एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं। मिश्रण को अच्छी तरह मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसे कुछ मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। अगर आप बियर्ड रखते हैं, तब भी इस पैक का आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। कुछ अतिरिक्त सुझाव अपने चेहरे को किसी क्लींजर से नियमित रूप से साफ करें और साथ ही अपनी दाढ़ी को धोना न भूलें एक अच्छे टोनर और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से एक अच्छे बियर्ड आयल का उपयोग करना न भूलें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

अपने चेहरे को रोज सुबह उठने पर अच्छे से साफ करें। इससे स्किन पर गंदगी अंदर तक जमा नहीं होती है। स्किन पर नियमित रूप से क्लींजर का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा में तेल या गंदे कण जमा न हो। अच्छे टोनर और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।